ओम साईं राम
सुरभि बोरवेल्स
SURBHI BORWELL'S
7, 6 एवं 4.5 नलकूप खनन हेतु संपर्क करें
मो.-9826106555, 9329023102
संदीप मिश्रा
रिसाली, कृष्णा टॉकीज रोड, डॉ. विपिन अरोरा के बाजू में, एक्सिस बैंक के एटीएम के पीछे, भिलाई (छ.ग.)

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल
साझा करें अपने मित्रों से
श्रीकंचनपथ ONLINE
visit us http://www.shreekanchanpath.com
वर्ष- 13, अंक - 242 | भिलाई, रविवार 19 जून 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए संपर्क करें
Mob.-: 9303289950, 7987166110

## खास खबर

### संटिंग के दौरान बेपटरी हुई इलेक्ट्रिक लोको इंजन, तकनीकी टीम वापस पटरी पर लाने में जुटी

**दुर्ग।** दुर्ग रेलवे स्टेशन में शनिवार आधीरात के बाद इलेक्ट्रिक लोको डिरेल हो गई। घटना शनिवार आधी रात के बाद लगभग 2 से 3 बजे के बीच की बताई जा रही है। हादसा उस समय हुआ जब लोको का संटिंग किया जा रहा था। संटिंग के दौरान एक इलेक्ट्रिक लोको के सामने के पहिए पटरी से उतर गए। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

लोको के डिरेल होने की सूचना के बाद स्टेशन में हड़कंप मच गया। मौके पर अधिकारी पहुंच गए। इलेक्ट्रिक लोको के डिरेल होने का कारण सामने नहीं आ पाया है। मौके पर पहुंचे अफसरों ने जांच शुरू कर दी है। रात में लोको को पटरी पर नहीं लाया जा सका है। सुबह रेलवे की तकनीकी टीम पहुंच गई है और इलेक्ट्रिक लोको को वापस पटरी पर लाने का प्रयास किया जा रहा है।

जिस समय लोको डिरेल हुई तब स्टेशन में यात्रियों की भीड़ काफी कम थी। घटना की सूचना मिलते ही अफरा तफरी का माहौल बन गया था। लोको के डिरेल होने के कारण वॉशिंग लाइन प्रभावित हुई। वहीं अन्य ट्रेनों की आवाजाही में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं आया है। स्टेशन प्रबंधक ने बताया कि संटिंग के दौरान लोको डिरेल हुई है ट्रेन की गति काफी धीमी होने के कारण कोई नुकसान नहीं हुआ है। तकनीकी टीम लोको को वापस पटरी पर लाने में जुटी हुई है।

### क्या 'अग्निपथ' योजना में होगा कोई बदलाव? दोपहर दो बजे सेना करेगी प्रेस कॉन्फ्रेंस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अग्निपथ योजना के विरोध में चल रहे प्रदर्शन से निपटने के लिए बैठकों का दौर लगातार जारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तीनों सेनाओं के प्रमुख दृढ़ता से डटे हुए हैं। वहीं इस योजना में कोई बदलाव होगा या नहीं इस बारे में बताने के लिए दोपहर दो बजे सेना की प्रेस वार्ता होगी। प्रेस वार्ता में कुछ बड़े एलान होने की उम्मीद है।

# 'अग्निपथ' के खिलाफ 'सत्याग्रह' जंतर-मंतर पर जुटे कांग्रेसी

### मोदी सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए पेश की गई 'अग्निपथ' योजना का विरोध कर रहे युवाओं के साथ एकजुटता दिखाने के आज जंतर-मंतर पर 'सत्याग्रह' कर रहे हैं। इसे देखते हुए जंतर मंतर पर पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों को तैनान किया गया है। कांग्रेस के सांसद, उसकी कार्य समिति के सदस्य और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी जंतर मंतर पर 'सत्याग्रह' में हिस्सा ले रहे हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी अन्य नेताओं का साथ विरोध जताने पहुंची हैं। प्रियंका ने कहा कि देश की सेवा करने के लिए पूरे जीवन भर सेना में भर्ती होना चाहते हैं। ये जो भी हो रहा है, गलत हो रहा है। इस योजना को वापस लेना चाहिए।




### अग्निपथ योजना से देश के युवा आक्रोशित

पार्टी के एक नेता ने कहा कि 'सत्याग्रह' का यह फैसला इसलिए लिया गया, क्योंकि 'अग्निपथ' योजना ने हमारे देश के युवाओं को आक्रोशित कर दिया है और वे सड़कों पर उतरकर विरोध प्रकट कर रहे हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके साथ खड़े रहें।

### 'अग्निपथ' के खिलाफ सड़कों पर उतर आए युवा

देशभर में युवा इस योजना के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं और कई शहरों व कस्बों से हिंसा की घटनाएं दर्ज की गई हैं। अग्निपथ' योजना के खिलाफ आज भी देश के अलग-अलग हिस्सों में प्रदर्शन हो रहे हैं। शनिवार को 'बिहार बंद' की भी घोषणा कई संगठनों ने की थी और इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने एक रेलवे स्टेशन और एक पुलिस वाहन को आग के हवाले कर दिया और पथराव की घटनाओं में कई कर्मी घायल हो गए।

### आठ वर्षों में युवाओं को मिला सिर्फ पकोड़े तलने का ज्ञान: राहुल

अग्निपथ योजना के विरोध में जहां जंतर-मंतर पर कांग्रेस नेताओं का प्रदर्शन जारी है वहीं इस बीच राहुल गांधी ने सिलसिलेवार ट्वीट कर पीएम मोदी पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि बार-बार नौकरी की झूठी उम्मीद देकर, प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं को बेरोजगारी के 'अग्निपथ' पर चलने के लिए मजबूर किया है। 8 सालों में, 16 करोड़ नौकरियां देनी थीं मगर युवाओं को मिला सिर्फपकोड़े तलने का ज्ञान। देश की इस हालत के जिम्मेदार केवल प्रधानमंत्री मोदी हैं।

# नक्सलियों के नापाक मंसूबे नाकाम, सीआरपीएफ ने बरामद किया 10 किलो का बम, किया डिफ्यूज

श्रीकंचनपथ न्यूज



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल मोर्चे पर तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) व डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के जवानों ने माओवादियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया। सुकमा जिले में एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकले जवानों ने 10 किलो की जिंदा आईईडी (improvised e&plosive device) बरामद किया है। जवानों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से नक्सलियों ने सुरंग बनाकर इसे प्लांट कर दिया था। बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) की टीम ने बम को डिफ्यूज कर दिया। जवानों की सतर्कता से एक बड़ी घटना टल गई। मामला जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक रोज की तरह डीआरजी और सीआरपीएफ की टीम एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी। जगरगुंडा थाना क्षेत्र के मिलमपल्ली गांव के नजदीक जवान सर्चिंग कर रहे थे। सर्चिंग के दौरान एक सुरंग का पता चला। नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने सुरंग के अंदर 10 किलो की शक्तिशाली आईईडी प्लांट कर दिया था। बम अगर जवानों के हाथ नहीं लगता और जवान इसकी चपेट में आते तो बड़ा नुकसान तय था। बीडीएस की टीम ने आईईडी को डिफ्यूज किया और जवानों ने सुरंग को भी बंद कर दिया। जगरगुंडा क्षेत्र अति संवेदनशील और माओवादियों का प्रभाव वाला क्षेत्र है।

### विस्फोटक का ज्यादा उपयोग कर रहे माओवादी

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बम निरोधक दस्ते की टीम ने जब आईईडी को निकाला तो वह कमांड आईईडी था। बीडीएस की टीम ने बम को मौके पर ही डिफ्यूज किया। 10 किलो का यह बम काफी शक्तिशाली था। दरअसल, माओवादी इन दिनों फोर्स के जवानों से सीधे लड़ाई के बजाय बम का ज्यादा उपयोग कर रहे हैं। बीजापुर, सुकमा में आईईडी ब्लास्ट की कई घटनाएं हो चुकी है, जिसमें जवानों को काफी नुकसान पहुंचा है। अगर जवान इस बम की चपेट में आते तो बड़ा नुकसान हो सकता था। बता दें कि माओवादियों के कोर जोन में फोर्स के कैंप खुल रहे हैं, जिससे नक्सली बौखला गए हैं।

# वारदातः केम्प-1 में देर रात युवक की हत्या, आरोपियों की तलाश जारी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कैंप-1 साई नगर में आपसी रंजिश के कारण एक युवक की हत्या कर दी गई। घटना शनिवार देर रात की है। हत्या के बाद आरोपियों ने युवक के शव को सुपेला स्थित शास्त्री अस्पताल के पास छोड़कर भाग गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची छावनी पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद पांच युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात 12 बजे की घटना बताई जा रही है। साई नगर हनुमान मंदिर के पास वार्ड क्रमांक 19 केंप 1 निवासी रंजीत सिहं अपने दो दोस्तों के साथ घर जा रहा था। इसी दौरान पांच युवकों ने उसका रास्ता रोका। दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। इस दौरान रंजीत के दोस्त वहां से भाग गए। रंजीत को अकेला पाकर पांचों युवकों ने उसे बेसबॉल के डंडे से पिटाई की और चाकू से भी गोद दिया। इसके बाद रंजीत सिंह को शास्त्री हॉस्पिटल सुपेला के पास छोड़कर भाग गए।

सुपेला अस्पताल में जब युवक की जांच की गई तो उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद छावनी पुलिस मौके पर पहुंची। शव का मरच्यूरी में रखवाया गया है। इसके बाद मृतक के परिजनों की शिकायत के बाद बिहारी मोहल्ला कैंप 1 निवासी सोना, चिंकु व टिंकु तथा दो अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

छावनी सीएसपी कोशलेन्द्र पटेल ने बताया कि आपसी रंजिश का मामला मालूम पड़ता है। घटना की सूचना पुलिस को रात को ही मिल गई थी। जब तक पुलिस पहुंचती आरोपी मृतक रंजीत को शास्त्री अस्पताल के पास छोड़कर भाग चुके थे। तीन आरोपियों की पहचान हो गई है वहीं दो अन्य आरोपियों की पहचान नहीं हुई है। सभी आरोपी फरार हैं सभी की तलाश की जा रही है।

इस हमले में सपड़ाए रंजीत पर पांचों ही आरोपियों ने धारदार हथियार एवं बेसबॉल के बैट से प्राणघातक हमला किया। जिसके कारण रंजीत ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। फरार होने में सफल दोनों ही दोस्तों के द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही छावनी पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर पांचों आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया। मोबाइल टावर की लोकेशन से रात्रि 3:30 बजे तक राजनांदगांव की ज्ञात हुई है। इसके बाद से लोकेशन नहीं मिल पाई है। पुलिस ने बताया कि हत्या का कारण दोनों ही पक्षों के मध्य आपसी विवाद होना ज्ञात हुआ है।

## दो बाइक सवारों के भिड़ने से घर के पास टहल रहे भाजपा नेता आए चपेट में, इलाज के दौरान मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज



भिलाई। रुआबांधा में रहने वाले भाजपा के सीनियर नेता व रिटायर्ड बीएसपी कर्मी रामकृपाल साहू शनिवार शाम को अपने घर के पास हादसे का शिकार हो गए। दो बाइक सवार आपस में भिड़े और इनसे टकरा गए। घटना के बाद गंभीर अवस्था में उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के वरिष्ठ नेता राम कृपाल साहू अपने घर के पास रोजना शाम को टहला करते थे। शनिवार को भी वे इवनिंग वॉक पर निकले थे। इस दौरान दो बाइक सवार आपस में भिड़ गए। दोनों बाइक भिडंत की चपेट में रामकृपाल साहू भी आ गए। घटना शनिवार शाम लगभग 7 बजे की बताई जा रही है।

इस हादसे में बाइक सवारों को तो कुछ नहीं हुआ लेकिन रामकृपाल साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें तत्काल शहर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां इनकी मौत हो गई। घटना जानकारी मिलने के बाद भिलाई नगर पुलिस मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि रामकृपाल साहू की बेटी अनुराधा साहू और बेटा रवि साहू अमेरिका में व दूसरा बेटा वीरेंद्र साहू लंदन में काम करते हैं उनके आने के बाद 20 जून को इनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

रामकृपाल साहू भाजपा के पुराने नेताओं में से एक हैं। साहू समाज के भी पदाधिकारी थे और काफी एक्टिव रहते थे। भिलाई नगर पुलिस के मुताबिक हादसे के बाद उनका काफी खून बह गया था और कूल्हे की हड्डी भी टूट गई थी। आसपास के लोगों ने उन्हें बिना देर किए अस्पताल पहुंचाया जहां देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया। फिलहाल घटना की जांच की जा रही है।

## राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में लगेगी 'छत्तीसगढ़ महतारी' की तस्वीर, सीएम बघेल ने दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्य की संस्कृति को बढ़ावा देने में जोर शोर से लगे हुए हैं। हाल ही में उन्होंने कई मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया, वहीं सीएम बघेल ने अब राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में 'छत्तीसगढ़ महतारी' की तस्वीर प्रमुखता से लगाने के निर्देश दिए हैं।

***सीएम भूपेश बघेल ने किया ट्वीट***


सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा कि छत्तीसगढ़ का वैभव, संपन्नता हमारे किसानों से है, उनकी खुशहाली में छत्तीसगढ़ महतारी का ही आशीर्वाद है। आगे ट्वीट में कहा कि हमने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र को सभी शासकीय कार्यक्रमों में प्रमुखता से स्थान देने का निर्णय लिया है, जिससे कि हमें हमारी माटी के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति का स्मरण हो सके।

मुख्यमंत्री बघले ने ट्वीट में छत्तीसगढ़ महतारी का चित्र भी साझा किया है, जिसमें एक देवी हरी साड़ी में हंसिया और धान की बाली लिए हुए खड़ी हैं तथा आशीर्वाद दे रही हैं। साथ ही देवी छत्तीसगढ़ी आभूषणों से सुसज्जित हैं।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य को स्थानीय लोग माता का दर्जा देते हैं और छत्तीसगढ़ महतारी कहकर संबोधित करते हैं। राज्य के कुरूद में छत्तीसगढ़ महतारी का एक मंदिर भी है, यहां हर साल चैत्र नवरात्रि पर्व पर मेला का आयोजन होता है।

# छत्तीसगढ़ में फिर पांव पसार रहा कोरोना, 16 जिलों में मिले 94 नए मरीज

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में अचानक कोरोना की वापसी होने लगी है। करीब तीन माह बाद प्रदेश के 16 जिलों में कोरोना संक्रमण के मरीज मिले हैं। सर्वाधिकत संक्रमित शहरों में दुर्ग भिलाई सबसे आगे हैं। शनिवार को ट्विनसिटी में कुल 23 कोरोना संक्रमित मिले हैं। प्रदेश भर में 94 नए मरीजों की पहचान हुई है। संक्रमण दर भी बीते तीन माह में सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है।

छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार देर रात जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार 6372 नमूनों की जांच में 94 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। सबसे अधिक 23 मरीज दुर्ग जिले मिले। इसके अलावा राजधानी रायपुर में 19 और न्यायधानी बिलासपुर में 11 कोरोना के नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा कोरबा में 7, सूरजपुर में 6, रायगढ़ में 5 और सरगुजा 8 बेमेतरा में 4-4 मरीज, राजनांदगांव, कबीरधाम व जांजगीर-चांपा में 3-3, बलौदा बाजार में 2, बालोद, मुंगेली, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों में भी एक-एक कोरोना संक्रमित की पुष्टी हुई है।

### 4 मार्च को बड़ी संख्या में मिले थे मरीज

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक इससे पहले 4 मार्च को इतनी बड़ी संख्या में मरीज मिले थे। हालांकि उस दौरान तीन गुना ज्यादा सैंपल की जांच हो रही थी। वर्तमान में 6 से 7 हजार सैंपलों की जांच में संक्रमण का दायरा बढ़ा है। नए मरीज बढ़ने के बाद प्रदेश में सक्रिय मामले बढ़कर 406 तक पहुंच गए हैं। राजधानी रायपुर में 119 व दुर्ग में 64 सक्रिय मरीज है। राहत की बात यह है कि इनमें से अधिकतर मरीजों का इलाज होम आइसोलेशन में हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को चेताया है कि कोरोना गाइडलाइन का पालन करें और टीका जरूर लगाएं।

## महुआ झरे पर खूब नाचे मंत्री

दीपक रंजन दास



जीवन है तो कष्ट है। कष्ट को हरने का तरीका भी खुद ही ढूंढ निकालना होता है अन्यथा जीवन नर्क से बदतर हो जाता है। सबका अपना-अपना तरीका है। कोई जिम जाता है, जुम्बा करता है तो कोई पब-क्लब जाकर डांस करता है। वनवासी इतने महंगे शौक नहीं पाल सकते। उनके लिए तो नाच-गाना लाइफस्टाइल का हिस्सा है। पूजा पाठ, मेला मंडई से लेकर शादी-ब्याह तक जब मौका मिले वे नाच-गा लेते हैं। पेट में थोड़ी सी महुआ शराब पड़ी हो तो माहौल बन ही जाता है। आबकारी मंत्री कवासी लखमा भी ठेठ आदिवासी हैं। विधायक या मंत्री बनकर भी वे अपनी संस्कृति नहीं भूले हैं। जब भी मौका मिलता है झूम कर नाचते हैं। और फिर जब 'महुआ झरे' जैसा गीत बज रहा हो तो वो खुद को कैसे रोक सकते हैं। महुआ नाम में ही एक मादकता है। जिसने कभी महुआ का फल नहीं चखा, महुआ की शराब नहीं पी, वह भी खुद को तरन्नुम मे पाता है। 'महुआ झरे' के बोल कानों में पड़ते ही लखमा के पांव थिरकने लगे। कुछ ऐसा झूम कर नाचे कि वहां उपस्थित दो विधायक भी खूद को रोक नहीं पाए। उनका मूड कुछ ऐसा बना कि एक विधायक दूसरे विधायक को गोद में लेकर नाचने लगा। वनवासियों के जीवन में वैसे भी ज्यादा कुछ नहीं होता। घर आंगन में एक या दो सल्फी, आसपास कुछ महुआ के पेड़। महुआ के फूलों को वे उबालकर खा लेते हैं। महुआ की शराब बनाने का तो उनके पास बाकायदा लाइसेंस है। वनवासियों के लिए जीवन का मंत्रा ही अलग है। सुबह आंख खुली और जीवन की जद्दोजहद शुरू। शाम तक थक कर चूर हो जाते हैं। थोड़ा नशा करते हैं फिर नाच-गाकर सोने चले जाते हैं। कल की चिंता ये नहीं करते। सुबह आंख खुली तो देखेंगे। इसलिए इनकी लाइफ में टेंशन भी कम है। चेहरे पर हमेशा मुस्कान खिली होती है। ये बीमार भी कम ही पड़ते हैं। बहरहाल, लखमा के डांस का वीडियो हमेशा की तरह वायरल हो गया। लोगों ने खूब चुटकी ली कि विधायक-विधायक को गोद में लेकर नाच रहा है। तो इसमें गलत क्या है? छोटी जगहों के विधायक किसी न किसी की गोद में तो खेलते ही हैं। दिखाई न दे ये और बात है। यह लोकतंत्र है ङ्क यदि चुनाव जीतना है तो लाइमलाइट में तो रहना ही होगा। वरना लोग पहचानेंगे कैसे? कोई बिगड़े बोल बोलता है, कोई भरी गर्मी में 'अग्निपथ' राग छेड़ता है तो कोई अपने आका की बची खुची आबरू बचाने के लिए जद्दोजहद करता है। लखमा और उनके साथी तो केवल अपनी जिन्दगी जी रहे थे।




जिनको कोई फायनेंस नही करता उनको हम पर्सनल फायनेंस करते हैं
कुलर ही कुलर, पहले आएं...पहले पाएं...
T.P. Singh
हमारे यहां सभी ब्राण्डेड कंपनी के एसी, फ्रीज, एलईडी टीवी उचित मूल्यों में हाजिर स्टॉक उपलब्ध है।
SAMSUNG LG SONY DAIKIN VIDEOCON KENSTAR BLUE STAR VOLTAS hindware Symphony Crompton
SINGH ENTERPRISES
PRAGATI NAGAR ROAD, AZAD MARKET, RISALI, BHILAI
MOB. - 9977018476

## संपादकीय

# ईडी की कार्रवाई से कांग्रेस में जान

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से प्रवर्तन निदेशालय यानी की पूछताछ 23 जून को होनी है। अगर उनकी सेहत ठीक रही तो पूछताछ होगी नहीं तो आगे की कोई नई तारीख मिलेगी। इस बीच तीन दिन लगातार राहुल गांधी से पूछताछ हुई है और कांग्रेस के तमाम दिग्गज नेता तीनों दिन दिल्ली की सड़कों पर प्रदर्शन करते रहे। कांग्रेस के दोनों मुख्यमंत्री अपना राज-काज छोड़ कर दिल्ली में डेरा डाले रहे और लुटियन की दिल्ली से लेकर बदरपुर बॉर्डर तक भागदौड़ करते रहे। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंदर सिंह हुड्डा और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के नेता भीड़ जुटा रहे हैं, जिससे मीडिया में खबरें बन रही हैं। देश के सभी राज्यों में ईडी कार्यालय के बाहर भी कांग्रेस का प्रदर्शन चल रहा है।

> उनको लग रहा है कि राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के विरोध की यह निर्णायक लड़ाई है। सो, ज्यादातर जानकारों का मानना है कि नेहरू-गांधी परिवार के खिलाफ हो रही ईडी की कार्रवाई किसी न किसी तरह से कांग्रेस को और समूचे विपक्ष को फायदा पहुंचाएगा।

तभी सवाल है कि क्या ईडी की कार्रवाई कांग्रेस के लिए मौका है? कांग्रेस के कई नेता और यहां तक कि कांग्रेस विरोधी रहे बुद्धिजीवी व सामाजिक कार्यकर्ता भी इसे एक मौका मान रहे हैं। इसकी तुलना बिहार में लालू प्रसाद पर हुई कार्रवाई से की जा रही है। इसी तरह 1997 में लालू प्रसाद के पीछे सीबीआई पड़ी थी। लालू भी पूरे तामझाम के साथ पूछताछ के लिए पहुंचे थे और एक समय तो ऐसी स्थिति आई थी उनकी गिरफ्तारी से पहले तब के सीबीआई अधिकारी ने सेना बुलाने की पहल कर दी थी। उस पूरे ड्रामे के बाद आठ साल और लालू प्रसाद की पार्टी ने बिहार में राज किया। हालांकि राहुल अभी गिरफ्तार नहीं हुए हैं लेकिन तुलना कर रहे लोग गिरफ्तारी की संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं।

प्रशांत भूषण जैसे वकील और सामाजिक कार्यकर्ता ईडी की कार्रवाई की तुलना 1977 में हुई इंदिरा गांधी की गिरफ्तारी से कर रहे हैं। उन्होंने ट्विट करके कहा कि जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद चौधरी चरण सिंह ने इंदिरा गांधी की गिरफ्तारी की जिद पकड़ी। तब प्रशांत भूषण के पिता शांति भूषण कानून मंत्री थे और उन्होंने इंदिरा गांधी को गिरफ्तार करने से मना किया था। लेकिन चरण सिंह की जिद के चलते इंदिरा गिरफ्तार हुईं और फिर वहीं से कांग्रेस की वापसी हुई। सो, प्रशांत भूषण सहित कई लोग इस पूरे मामले को 1977 के चश्मे से देख रहे हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के सलाहकार रहे सुधींद्र कुलकर्णी ने इस मामले में राहुल गांधी का समर्थन करते हुए कहा कि राजनीतिक बदले की भावना से की जा रही इस कार्रवाई के विरोध में वे राहुल के साथ हैं। उनको लग रहा है कि राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के विरोध की यह निर्णायक लड़ाई है। सो, ज्यादातर जानकारों का मानना है कि नेहरू-गांधी परिवार के खिलाफ हो रही ईडी की कार्रवाई किसी न किसी तरह से कांग्रेस को और समूचे विपक्ष को फायदा पहुंचाएगा।

## ये आंदोलन का मुद्दा है क्या ?

कांग्रेस आजकल राजनीतिक पार्टी की बजाय प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनती जा रही है, इसका ताजा प्रमाण फिर सामने आ रहा है। 'नेशनल हेराल्ड' के मामले में सोनिया गांधी और राहुल को प्रवर्तन निदेशालय के सामने जांच के लिए पेश होना पड़ रहा है। हो सकता है कि जांच में दोनों बिल्कुल खरे उतरें। वैसे देश में मुझे तो एक भी नेता ऐसा दिखाई नहीं पड़ता जो कि दूध का धुला हो। कोई न कोई धांधली, ठगी, रिश्वत या दादागीरी का दांव मारे बिना कोई भी नेता अपनी दुकान कैसे चला सकता है? फिर भी हम मानकर चल सकते हैं कि राहुल और सोनिया बिल्कुल बेदाग निकलेंगे तो भी असली सवाल यह है कि किसी जांच एजेंसी के सामने पेश होने में उन्हें एतराज क्यों होना चाहिए? यदि कानून सबके लिए एक-जैसा है तो वह उन पर भी लागू क्यों न हो? वे अपने आप को कानून से ऊपर समझते हैं, क्या? यदि वे निर्दोष हैं तो कोई जांच एजेंसी सत्तारुढ़ नेताओं की कितनी ही गुलाम हो, उन्हें किसी से डरने की क्या जरुरत है? भारत की न्यायपालिका आज भी निर्भीक और स्वतंत्र है। वह उनके सम्मान की रक्षा अवश्य करेगी लेकिन इस जांच को लेकर पूरी कांग्रेस जिस तरह से सड़क पर उतर आई है, वह अपना मजाक बनवा रही है।

इससे कई बातें सिद्ध हो रही हैं। पहली तो यह कि कांग्रेस अपने सिर्फ दो नेताओं, माँ और बेटे को बचाने के लिए जिस तरह जन-आंदोलन पर उतर आई है, उससे लगता है कि उसके पास जनहित का कोई और मुद्दा है ही नहीं। अपने नेताओं को बचाना ही उसके लिए सबसे बड़ा जनहित है। दूसरा, उसने जन-आंदोलन की राह अपनाकर भाजपा सरकार के प्रति जनता को जो शिकायत हो सकती थी, उस पर ढक्कन लगा दिया है। ज़रा याद करें कि चरणसिंह सरकार ने जब इंदिरा गांधी को गिरफ्तार किया था तो उस सरकार की इज्जत कैसे पैंदे में बैठ गई थी।

यही अब भी होता लेकिन मां-बेटे ने यह प्रदर्शन करवाकर भाजपा सरकार के हाथ मजबूत कर दिए हैं। तीसरा, लोगों को आश्चर्य है कि कांग्रेस की हालत मायावती की बसपा की तरह क्यों होती जा रही है? उसके पास न तो योग्य नेता हैं और न ही प्रभावशाली नीति है। इसी का नतीजा है कि राष्ट्रपति के चुनाव में उम्मीदवार के लिए किसी कांग्रेसी नेता का नाम सामने नहीं आ रहा है। सारे विपक्षी दलों को इस मुद्दे पर एक करने में भी कांग्रेस को सफलता नहीं मिल रही है। यद्यपि कांग्रेस के कुछ मुख्यमंत्री काफी सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं लेकिन उन्हें भी जब मां-बेटे की सेवा में जोत दिया जा रहा हो तो आम लोग सोच में पड़ जाते हैं कि ये अनुभवी नेता लोग भी नेता हैं या किसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी हैं?

-वेद प्रताप वैदिक

> जिन जगहों पर हमें गरमियों की रातों में कंबल ओढ़ने पड़ते थे, वहां पंखा चलाना पड़ा। कई होटलों में 'सीलिंग फैन' की व्यवस्था ही नहीं थी। वहां पहले से रखे 'टेबल फैन' हमें जैसे मुंह चिढ़ा रहे थे। मतलब साफहै कि अब संभलने की नसीहत देने का वक्त गया। सरकारों को प्रकृति के बारे में बने कानूनों को न केवल और कड़ा करना होगा, बल्कि उन्हें कड़ाई से लागू भी करना होगा।

# पहाड़ों की पीर से गुजरते हुए

शशि शेखर



वह कौसानी की सुबह थी। आंख खुली, तो पाया कि सूरज ने ऊपर का सफर तय करना शुरू कर दिया है। झटपट तैयार हो लंबी सैर पर निकल पड़ा। फिज़ां में अजब विरोधाभास था। एक तरफ घनी हरियाली से छनकर आती ठंडी साफ हवा अमरत्व का संदेश दे रही थी, तो दूसरी तरफ सामने की पहाड़ी के जंगल सुलग रहे थे। उधर से आने वाली कार्बन डाई-ऑक्साइड साफ हवा के असर को खत्म करने पर आमादा थी।

कौसानी के लिए रवाना होने से पहले सोचा था कि वहां पहुंचते ही प्राणायाम करूंगा। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की प्रदूषित हवा ने हम सबके फेफड़ों पर प्रतिकूल असर डाला है। शिकागो विश्वविद्यालय की एक रिपोर्ट का दावा है कि अगर उत्तर भारत में प्रदूषित हवा को यूं ही पनपने दिया गया, तो इस विशाल भूभाग के निवासी अपने जीवन के साढ़े सात साल कम कर बैठेंगे। दिल्ली और आसपास के इलाकों का हाल और बेहाल है। ऐसे में, कौसानी से साफ हवा की उम्मीद पालना बेमानी कहां था? हालांकि, उस सुबह लगा कि यहां न आते, तो अच्छा रहता। कुछ और नहीं, तो एक सुहाना भरम तो बना रहता। पिछली शाम जंगल से उठते धुएं ने डराया था, तो रात वहां से उठती लपटों के कारण उनींदी बीती थी।

हिमालय की गोद में बसा यह कस्बा पहले ऐसा नहीं था। बड़े-बड़ों को इस जागृत पहाड़ी धरती ने सार्थक संदेश दिए। खुद राष्ट्रपिता इस सूची में शीर्ष पर हैं। आंध्र प्रदेश से अस्वस्थ लौटे बापू जून, 1929 में यहीं आए थे। कौसानी के उजले सवेरों का उन पर ऐसा असर हुआ कि महज दो हफ्ते के प्रवास में उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता पर अपनी मशहूर पुस्तक अनासक्ति योग रच डाली थी। गांधीजी जहां ठहरे थे, उससे कुछ हटकर महाकवि सुमित्रानंदन पंत की स्मृति में बना संग्रहालय- 'सुमित्रानंदन पंत गैलरी' -है। पंत जी यहीं के रहने वाले थे। जिन्होंने उन्हें पढ़ा, देखा और सुना है, वे कह सकते हैं कि उनके व्यक्तित्व की सुकुमारता इसी आबोहवा ने रची थी। मोहनदास करमचंद गांधी और सुमित्रानंदन पंत जैसे नायकों को कौसानी ने इतना कुछ दिया, पर खुद इसका क्या हाल बन गया है? ऐसा लगता है कि न केवल कौसानी, बल्कि समूचा हिमालय हमसे हमारे लिए ही खुद को बचाने की गुहार लगा रहा है।

जंगल की जानलेवा आग की घटनाएं कश्मीर से कन्याकुमारी तक लगातार बढ़ रही हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण के मुताबिक, गए मार्च के आखिरी हफ्ते में ही वनों में आग लगने की 1,141 बड़ी घटनाएं दर्ज की गईं। सर्वे के मुताबिक, हमारे देश के 22 प्रतिशत वनक्षेत्र आग के लिहाज से बेहद संवेदनशील हैं।

इसी साल फरवरी में 'यूनाइटेड नेशन्स एनवायर्नमेंट प्रोग्राम' (यूएनईपी) ने एक हाहाकारी रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें कहा गया था कि 'ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर अंकुश लगाने की महत्वाकांक्षी कोशिशों के बावजूद धरती पर भीषण आगजनी की घटनाओं में नाटकीय ढंग से बढ़ोतरी दर्ज होगी। यानी इस सदी के अंत तक ऑस्ट्रेलिया के 'ब्लैक समर' जैसी दावाग्नि की संख्या में 31 से 57 फीसदी बढ़ोतरी की आशंका है।'

जंगल की इस ज्वाला से संसार का कोई महाद्वीप अछूता नहीं बचा है। इसी साल ब्राजील में अमेजन के जंगलों में सुलगते शोलों ने समूची दुनिया को डरा दिया था। यह वनक्षेत्र धरती की कुल ऑक्सीजन का 20 फीसदी अकेला उत्सर्जित करता है। दावानल हमारी प्राणवायु का यह महत्वपूर्ण भंडार कितना लील गया, इस पर शोध जारी है।

साल-दर-साल के अग्निकांडों और तमाम अन्य कारणों से हमारी धरती लगातार गरम हो रही है। इसका सीधा असर ग्लेशियरों पर पड़ रहा है। इंग्लैंड स्थित लीड्स यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि धरती के तमाम ग्लेशियर अपना 40 फीसदी हिस्सा गंवा चुके हैं। देहरादून के 'वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जिओलॉजी' के वैज्ञानिकों ने भी कई बार गंगोत्री को लेकर बताया है कि यह ग्लेशियर 15 से 20 सेंटीमीटर हर साल पिघल रहा है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मार्च में राज्यसभा में इस तथ्य की ताकीद करते हुए कहा था कि गंगोत्री ग्लेशियर 15 वर्षों में लगभग 0.23 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र खो चुका है। उन्होंने गंगोत्री ग्लेशियर पर ब्लैक कार्बन के प्रभावों से भी इनकार नहीं किया था।

क्या है ब्लैक कार्बन?

वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान, देहरादून के वैज्ञानिक डॉक्टर पीएस नेगी कहते हैं कि ब्लैक कार्बन एक 'पार्टिकुलेट मैटर' है। इसकी मौजूदगी तापमान बढ़ाती है, जिससे ग्लेशियर पिघलते हैं। यह एकमात्र ऐसा प्रदूषण है, जो इंसान और वातावरण, दोनों के लिए समान रूप से खतरनाक है। हालांकि, कैटो इंस्टीट्यूट का शोधपत्र मानता है कि ग्लोबल वार्मिंग के असर से हिमालय अछूता है। वह इस दावे से भी सहमत नहीं है कि 2035 तक सभी ग्लेशियर पिघल जाएंगे। उसका मानना है कि गंगा और ब्रह्मपुत्र नहीं सूखेंगी।

उनके मुंह में घी-शक्कर, लेकिन संस्कृत की यह कहावत मुंडे-मुंडे मतिर्भिन्ना वैज्ञानिकों पर भी लागू होती है।

यही वजह है कि उनके दावों में जबरदस्त अंतरविरोध हैं। 'एनवायर्नमेंटल परफॉर्मेंस इंडेक्स'(ईपीआई) की इसी महीने जारी रिपोर्ट में भारत को 180 देशों में सबसे निचले पायदान पर रखा गया है। इस रिपोर्ट को अमेरिका स्थित येल और कोलंबिया विश्वविद्यालय मिलकर तैयार करते हैं। इस बार भारत को म्यांमार, वियतनाम, बांग्लादेश और पाकिस्तान से भी नीचे पाया गया है। यह रिपोर्ट हर दो वर्ष के अंतराल पर जारी होती है और पिछली बार शोधकर्ताओं ने हिन्दुस्तान को 168वें नंबर पर रखा था।

भारत सरकार ने इसे खारिज करते हुए 'बेबुनियाद अनुमानों' पर आधारित बताया है।

विद्वान और वैज्ञानिक जो भी बताएं, पर यह सच है कि गरमी और बारिश के चक्र में आम आदमी भी अंतर महसूस कर रहा है। बिहार और उत्तर प्रदेश के बागों में इस बार आम के बौर समय से पहले आ गए थे। इसी तरह, कुमाऊं में घूमते हुए मैंने कई किसानों और प्रकृति प्रेमियों से बात की। तमाम पर्वत पुत्रों का दावा है कि इसका असर फसलों पर ही नहीं, बल्कि अन्य जीवों के ऊपर भी पड़ा है। मैं 1980 के दशक से साल में कई-कई बार पहाड़ों पर जाता रहा हूं। वैज्ञानिक कुछ भी कहें, मगर ऐसा पहली बार हुआ, जब नैनीताल और उससे भी अधिक ऊंचाई पर स्थित 'हिल स्टेशनों' को हमने घातक रूप से तपते पाया। जिन जगहों पर हमें गरमियों की रातों में कंबल ओढ़ने पड़ते थे, वहां पंखा चलाना पड़ा। कई होटलों में 'सीलिंग फैन' की व्यवस्था ही नहीं थी। वहां पहले से रखे 'टेबल फैन' हमें जैसे मुंह चिढ़ा रहे थे।

मतलब साफ है कि अब संभलने की नसीहत देने का वक्त गया। सरकारों को प्रकृति के बारे में बने कानूनों को न केवल और कड़ा करना होगा, बल्कि उन्हें कड़ाई से लागू भी करना होगा।

# अपनी कमियों से निकले, तो मिला जीने का अंदाज

डिलन अल्कॉट, ऑस्ट्रेलियाई पैरालंपिक



वह एक चमकता हुआ सितारा हैं, उनके साथ सेल्फी लेने, उनकी बातें सुनने को हुजूम उमड़ आता है, मगर डिलन अल्कॉट को यह अज्मत विरासत में नहीं मिली, उन्होंने अपनी कुव्वत और काबिलियत से अर्जित की है। ऊपरवाले ने तो उन्हें इस दुनिया में एक बेहद मुश्किल जिंदगी देकर भेजी थी, मगर वह करमफरमा भी कम नहीं। कर्मठ लोगों को भरपूर नवाज देता है। डिलन की जिंदगी इस बात की बेहतरीन मिसाल है। मेलबोर्न में मार्टिन और रेजी के घर 4 दिसंबर, 1990 को डिलन पैदा हुए। पूरा परिवार बहुत खुश था। बड़े भाई जैक की खुशी देखने लायक थी। सच्चा दोस्त जो आ गया था। लेकिन नवजात शिशु लगातार रोए जा रहा था। यह रुदन कुछ अलग था। डॉक्टरों की टीम ने बताया कि डिलन की रीढ़ की हड्डी के पास एक ऐसा ट्यूमर है, जिसे फौरन हटाना होगा। मार्टिन और रेजी तड़पकर रह गए थे, मगर उनके पास दूसरा कोई विकल्प नहीं था। जन्म के चंद हफ्तों के भीतर ही इस नन्ही जान को कई ऑपरेशनों से गुजरना पड़ा।

जिंदगी के शुरुआती तीन साल का ज्यादातर वक्त अस्पताल में ही गुजरा। मगर बदकिस्मती यह रही कि लगभग 20 ऑपरेशनों के बाद भी नतीजा डिलन के हक में नहीं आया। कमर के नीचे का हिस्सा निष्क्रिय हो चुका था। तीसरे जन्मदिन के बाद सेहत कुछ सुधरी जरूर, लेकिन व्हीलचेयर का साथ हमेशा के लिए तय हो चुका था। मार्टिन और रेजी भी नियति के फैसले को कुबूल कर नई परिस्थितियों के हिसाब से बेटे की परवरिश में जुट गए। डिलन जब छह साल के हुए, तो उनका दाखिला ब्रिग्टन ग्रामर स्कूल में कराया गया, जहां से वह 2008 में ग्रेजुएट बनकर निकले। इस दरम्यान वह स्वीमिंग और अन्य खेल गतिविधियों में हिस्सा लेने लगे थे, और अपने शिक्षकों व साथियों से भी उन्होंने खूब तारीफें बटोरी थीं। मगर जब डिलन 14 साल के हुए, तब उन्हें पहली बार अपनी शारीरिक कमी का गहराई से एहसास हुआ। दरअसल, सारे दोस्त पार्टियों के लिए बाहर जाने लगे थे। उनकी जोड़ियां बनने लगी थीं, लेकिन कोई भी डिलन को गले लगाने, उन्हें चूमने को तैयार न था। इस बात ने उन्हें बहुत मर्माहत किया था। उन्हीं दिनों में डिलन के साथ एक और वाकया पेश आया, जो एहसास-ए-कमतरी को और गहरा कर गया। स्कूल में डिलन के सबसे अजीज दोस्त ने अपने घर पर एक पार्टी रखी थी। डिलन उस पार्टी को लेकर बेहद उत्साहित थे। लेकिन आमंत्रित लोगों की सूची में उनका नाम शामिल नहीं था। स्कूल के दूसरे साथी अपनी पार्टी में उन्हें नहीं बुलाया करते, तो बुरा नहीं लगता था, लेकिन सबसे करीबी दोस्त का नजरअंदाज कर जाना चुभ गया था। डिलन के भीतर काफी उथल-पुथल मची थी। वह उस पार्टी का हिस्सा बनना चाहते थे। और इसी बेचैनी में वह बिन बुलाए ही दोस्त के दरवाजे पर दस्तक दे बैठे। दोस्त ने दरवाजा खोला। सामने डिलन को देख उसके चेहरे पर अजीबोगरीब भाव उमड़ आए थे। डिलन गहरे पश्चाताप में थे कि यह उन्होंने क्या किया? हर शनिवार की तरह उन्हें अपने घर पर ही रहना चाहिए था। दोस्त ने तुरंत अपनी वजाहत पेश की, 'स्वागत है डिलन! मैंने तो तुम्हें इसलिए नहीं बुलाया कि मेरे घर की सीढ़ियां चढ़ने में तुम्हें तकलीफ होती।' उस पार्टी का एक-एक लम्हा मलाल का था।

अगली सुबह बेहद नाराजगी लिए आई थी। क्रोध अपने आप पर था। आखिर अपनी शारीरिक स्थिति को लेकर उन्होंने किसी असुरक्षा बोध या शर्मिंदगी को अपने ऊपर हावी ही कैसे होने दिया? नाराजगी इस बात की थी कि उनमें इतना आत्मविश्वास क्यों नहीं आया कि वह अपने दोस्तों से अपनी शारीरिक स्थिति को लेकर खुलकर बात कर पाते और उन्हें अवगत कराते कि वह सीढ़ियां चढ़ सकते हैं। गुस्सा इस पर था कि वह अपने दोस्तों को गलत समझते रहे कि वे उन्हें नापसंद करते हैं, इसलिए अपनी पार्टी में नहीं बुलाते। उसी दिन डिलन ने तय किया था कि वह अपनी शारीरिक स्थिति को लेकर कभी नहीं घबराएंगे और जिंदगी से जो कुछ पाना चाहते हैं, उसकी राह में इस कमी को आड़े नहीं आने देंगे।

उस वाकये के बाद डिलन के जीने का अंदाज बदल गया। वह अब ज्यादा बाहर निकलने लगे थे। उनकी सामाजिकता भी बढ़ती चली गई। साल 2003 से ही वह व्हीलचेयर बास्केटबॉल खेलते आ रहे थे, अब उन्होंने एक मकसद के साथ इसे खेलना शुरू किया, और तीन साल बाद ही वह 'जूनियर नेशनल्स' में न सिर्फ ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करते नजर आए, बल्कि उन्हें 'मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर' के खिताब से भी नवाजा गया। उसके बाद डिलन ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। साल 2008 के बीजिंग पैरालंपिक में वह स्वर्ण विजेता ऑस्ट्रेलियाई बास्केटबॉल टीम का हिस्सा तो रहे ही, 2010 में वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने वाली टीम के भी अहम सदस्य माने गए।

साल 2014 से डिलन ने व्हीलचेयर टेनिस प्रतिस्पर्द्धाओं को गंभीरता से लेना शुरू किया और उसी साल जुलाई में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी को फाइनल में हराकर इस खेल विधा में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टाइटल जीता। टेनिस के लिहाज से साल 2021 उनका शिखर वर्ष रहा। वह दुनिया के पहले पुरुष खिलाड़ी हैं, जिन्होंने एक कैलेंडर ईयर के ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबल्डन, यूएस ओपन के सभी एकल टाइटल अपने नाम किए और समर ओलंपिक में भी स्वर्ण पदक जीता। दो-दो खेल विधाओं में पैरालंपिक स्वर्ण जीतने वाले वह अनोखे खिलाड़ी भी हैं। डिलन एक फाउंडेशन भी चलाते हैं, जो गरीब दिव्यांगों की मदद करता है। उनकी आत्मकथा एबल बेस्टसेलिंग पुस्तकों में शुमार है। वह प्रेरक वक्ता भी हैं, रेडियो प्रेजेंटर भी। बकौल डिलन, जिंदगी को उसकी रंगीनियों के साथ जीना चाहिए।

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

# संवैधानिक व्यवस्था पर बुलडोजर

अजीत द्विवेदी

उत्तर प्रदेश में अगर लोगों के घरों पर बुलडोजर चल रहा है तो इसमें क्या हैरानी है! आखिर भारतीय जनता पार्टी ने बुलडोजर दिखा कर वोट मांगा था। भाजपा की चुनावी रैलियों में बुलडोजर खड़े किए जाते थे। उनकी झांकियां सजाई जाती थीं। नेता बुलडोजर पर चढ़ कर वोट मांगते थे और वादा करते थे कि चुनाव जीते तो बुलडोजर का चलना जारी रहेगा। भाजपा जिस चेहरे पर चुनाव लड़ रही थी उसे 'बुलडोजर बाबा' कहा जाता था। सो, अगर चुनाव जीतने के बाद वहीं बाबा बुलडोजर चलवा रहे हैं तो इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है। जो लोग हैरान हो रहे हैं उनसे पूछा जाना चाहिए कि क्या वे उम्मीद कर रहे थे कि भाजपा ने वोट भले बुलडोजर दिखा कर मांगा है लेकिन चुनाव जीतने के बाद वह इसका इस्तेमाल नहीं करेगी? अगर वे ऐसा सोचते थे तो इसका मतलब है कि उनको राजनीति की बदलती दिशा का अंदाजा नहीं था।

असल में बुलडोजर भारतीय राजनीति और समाज में हुए बहुत बड़े बदलाव का प्रतीक है। यह भारतीय समाज या कम से कम एक बड़े समूह के कट्टर और हिंसक होते जाने और एक खास समुदाय के प्रति बदले की भावना के प्रबल होने का प्रतीक है। कट्टरता, हिंसा और बदले की भावना इस कदर मन मस्तिष्क में बैठी है कि एक बड़ी आबादी प्रयागराज में मोहम्मद जावेद का घर गिराए जाने की वीडियो और फोटो किलकारी मारते हुए शेयर कर रही है। पैगंबर मोहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों पर लाठी बरसाती पुलिस के वीडियो शेयर करके अगर सत्तारूढ़ दल का कोई विधायक उसे 'रिटर्न गिफ्ट' कहता है तो अंदाजा लगा सकते हैं कि देश की राजनीति और समाज किस दिशा में बढ़ रही है। अगर जुमे की नमाज के बाद मुसलमानों के प्रदर्शन के अगले दिन हुई बुलडोजर की कार्रवाई का हवाला देते हुए सत्तारूढ़ दल का कोई नेता कहे कि 'हर शुक्रवार के बाद एक शनिवार आता है' तो समझ सकते हैं कि किस तरह राज्य की ज्यादती को न्यायसंगत ठहराते हुए उसे मुख्यधारा का राजनीतिक विमर्श बनाया जा रहा है। बुलडोजर के सहारे त्वरित न्याय के प्रति बढ़ती आस्था न्यायपालिका सहित देश की तमाम संवैधानिक संस्थाओं के अप्रसांगिक होते जाने का भी संकेत है क्योंकि बुलडोजर किसी व्यक्ति या उसके घर के ऊपर नहीं चल रहा है, बल्कि संवैधानिक व्यवस्था पर चल रहा है। तभी यह तय करने का समय है कि देश संवैधानिक व्यवस्था के हिसाब से चलेगा या बुलडोजर से चलेगा? क्या किसी सभ्य समाज में और नियम कानून के सहारे चलने वाले समाज में यह सोचा जा सकता है कि राज्य अपने ही नागरिकों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई करेगा?

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239
























# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



### साइकिल भ्रमण पर निकले महापौर ने खिलाड़ियों को दिया भरोसा

## भिलाई-3 के रेलवे मैदान को बनाया जाएगा बेहतर-महापौर

श्रीकंचपथ न्यूज

भिलाई–3। रेलवे कालोनी भिलाई–3 के खेल मैदान को बेहतर तरीके से व्यवस्थित रूप प्रदान किया जाएगा। इसके लिए रायपुर डीआरएम से चर्चा की जाएगी। साइकिल भ्रमण पर निकले महापौर निर्मल कोसरे ने खिलाड़ियों से मिलकर इस बात का भरोसा दिया है। वहीं उन्होंने पालतू मवेशियों को खुले में छोड़ने वालों को चेतावनी दी है।



महापौर निर्मल कोसरे आज लगातार चौथे रविवार को साइकिल भ्रमण पर निकले।

वसुंधरा नगर दक्षिण स्थित अपने निवास से साइकिल पर सवार होकर पार्षद और कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ निकले महापौर ने सिरसा चौक, बजरंग पारा, गांधी नगर, नेहरू नगर, आजाद चौक, रेलवे कालोनी, डबरा पारा, बिजली कालोनी सहित भिलाई-3 बाजार वार्ड के नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्या और विकास की प्राथमिकता को लेकर विचार विमर्श किया।

इस दौरान रेलवे कालोनी मैदान में फुटबॉल का अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों ने महापौर को मैदान के चारों ओर लगे तार घेरा के कुछ स्थानों पर टूट जाने के चलते मवेशियों के अंदर आने से हो रही दिक्कत की ओर ध्यानाकर्षण कराया। श्री कोसरे ने शीघ्र ही तार घेरा को व्यवस्थित कराने के साथ रेलवे डीआरएम से चर्चा कर मैदान को बेहतर स्वरूप प्रदान करने का आश्वासन दिया। खुले में घूमने वाले मवेशियों को लेकर लोगों से मिली शिकायत पर उन्होंने मवेशी पालकों को चेतावनी दी। महापौर ने कहा कि मवेशी पालक अपने मवेशियों को खुले में छोड़ने हैं तो रोका छेका अभियान के दौरान पकड़कर जरवाय व गनियारी के गोठान में ले जाया जाएगा। डबरा पारा में पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद नहर पार क्षेत्र में पानी की किल्लत दूर करने के लिए उन्होंने पाइप लाइन विस्तार कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

साइकिल भ्रमण के दौरान महापौर के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मढ़रिया, एमआईसी सदस्य मोहन साहू, एस. वेंकट रमना, एम. जॉनी, मनोज डहरिया, पार्षद टेनेन्द्र ठाकरे, डे साहब वर्मा पूर्व पार्षद लावेश मदनकर, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री पप्पू चंद्राकर, एल्डरमैन राजेश बघेल, कांग्रेस नेता मिलिंद दानी, युवराज कश्यप, शरद डोरा अशफाक अहमद, इंद्रजीत यादव दीपेश वर्मा, उमेश वर्मा, अरमान अहमद सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पर्यटन के साथ चाय और कॉफी की खेती की अच्छी संभावनाएं - डॉ. शिवकुमार डहरिया



श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन, विकास एवं श्रम मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया एक दिवसीय प्रवास पर जशपुर पहुंचे। उन्होंने मनोरा विकासखंड के सोगडा आश्रम पहुंचकर मां सर्वेश्वरी के दर्शन करके पूजा अर्चना की और छत्तीसगढ़ प्रदेश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मंत्री डॉ. डहरिया ने कहा कि जशपुर जिले में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं यहां के किसान चाय, काजू, मिर्च, टमाटर एवं अन्य फसलों की अच्छी पैदावार कर रहे हैं। किसानों को धान के अतिरिक्त अन्य फसल लेने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

उन्होंने नगरीय निकाय के अधिकारियों को शहरों की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान देने के लिए कहा है और शहरों की नालियों की अच्छे से सफाई हो जिससे जल भराव की स्थिति नहीं हो। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

इस अवसर पर पूर्व राज्य सभा सांसद पी.एल. पुनिया, संसदीय सचिव और कुनकुरी विधायक यूडी मिंज, विधायक जशपुर विनय भगत, जशपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना लकड़ा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हीरूराम निकुंज, कलेक्टररितेश कुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल,अजय गुप्ता, सूरज चौरसिया, मनमोहन भगत और श्री निलेश सिंह उपस्थित थे।

## खास खबर

### पचपेड़ी नाका से रामकृष्ण अस्पताल मोड़ तक अतिक्रमण हटाने चला अभियान

**रायपुर।** यातायात पुलिस, नगर पालिक निगम एवं परिवहन विभाग ने शनिवार को संयुक्त विशेष अभियान चलाकर पचपेड़ी नाका चौक से रामकृष्ण हॉस्पिटल मोड़ तक अतिक्रमण हटवाया. ।कार्रवाई के दौरान लगभग 35 से अधिक दुकानदारों एवं 15 से अधिक ठेला खोमचे वालों पर जब्ती की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस, नगर पालिक निगम एवं परिवहन विभाग ने शनिवार को संयुक्त विशेष अभियान चलाकर पचपेड़ी नाका चौक से रामकृष्ण हॉस्पिटल मोड़ तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाही की। इसके अलावा नो पार्किंग में खड़ी गाडियों के मालिकों को भी समझाईश दी गई। वहीं यातायात को बाधित कर नो पार्किंग में वाहन खड़ी कर सवारी उतारने चढ़ाने वाले यात्री बसों को समझाइश दी गई तथा भविष्य में खड़े पाए जाने पर परमिट निरस्त करने की चेतावनी दी गई।

### मुख्यमंत्री ने किया वन विभाग के कार्यों का वर्चुअल उद्घाटन

**कांकेर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से गत दिवस छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित रायपुर के द्वारा हितग्राहियों को प्रदाय किये जाने वाले प्रोत्साहन राशि (बोनस) राशि 2020 के वितरण का शुभारंभ किया, साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ के माध्यम से बनाये जा ?रहे गुणवत्ता परीक्षण लैब कांकेर तथा वर्ष 2022-23 में वन विभाग द्वारा नरवा विकास योजना अन्तर्गत किये गये निर्माण कार्यों का वर्चुअल उद्घाटन भी किया । लाख विस्तार एवं प्रशिक्षण केन्द्र माकड़ी में वीडियो कान्फ्रेंसिंग की व्यवस्था किया गया था। उक्त वर्चुअल कार्यक्रम में वन मंत्री मोहम्मद अकबर, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख राकेश चतुर्वेदी, जिला युनियन के उप प्रबंध संचालक गणराज सिंह नेताम एवं समस्त वन परिक्षेत्र अधिकारी उपस्थित थे।

# शासन की पहली प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना- मंत्री अकबर

### मंत्री ने हितग्राहियों को राशन कार्ड, जाल, आइसबॉक्स, तराजू बाट, चश्मा, स्प्रेयर, आयुष्मान कार्ड, और बच्चों को गणवेश, पाठ्य सामग्री का किया वितरण

### शिविर में जिला परिवहन कार्यालय द्वारा 220 युवाओं का बनाया गया लर्निंग लाइसेंस

श्रीकंचपथ न्यूज

कवर्धा ।प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर लोगों की समस्याएं, शिकायत, मांगों को सुनने और उसका निराकरण करने स्वयं सुदूर वनांचल क्षेत्र के गांव–गांव तक पहुंच रहे हैं। गांव के जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंच कर वहां के लोगों के बीच में सीधा संवाद कर लोगों के मांग, शिकायत और समस्याओं से रूबरू हो रहे है। इसी तारतम्य में वन मंत्री अकबर बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम चिल्फी पहुंचे। जहां जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में वहां के निवासियों से प्राप्त आवेदनों, समस्याएं, शिकायत और मांगों पर चर्चा कर अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में कुल 130 आवेदन प्राप्त हुए।



श्री अकबर ने सभी आवेदकों से वन–टू–वन चर्चा कर उनके समस्याओं, मांग और शिकायतों से संबंधित विभागीय अधिकारियों से निराकरण की स्थिति से स्वयं अवगत भी हुए और आवेदकों को शिविर स्थल पर ही अधिकारी द्वारा उनके आवेदन पर हुए कार्यवाही को अवगत भी कराया। इस दौरान मंत्री श्री अकबर ने आरबीसी 6–4 के तरह तीन हितग्राहियो को चार–चार लाख रुपए का चेक प्रदान किया। जय मां शारदा स्व सहायता समूह के महिलाओं को जाल, आइसबॉक्स और तराजू बाट तथा 203 हितग्राहियों को राशन कार्ड एवं चश्मा का वितरण किया।

साथ ही इस वर्ष स्कूल में प्रवेश करने वाले बच्चों को तिलक लगाकर पाठ्यपुस्तक का वितरण किया। शिविर में हितग्राहियों को स्प्रेयर तथा आयुष्मान कार्ड का भी वितरण किया गया।

वन मंत्री श्री अकबर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन आवेदनों पर निराकरण शिविर स्थल पर नहीं हो सका, ऐसे आवेदनों को विभाग निराकरण के लिए समय निकालें, आवेदनों का परीक्षण करायें और उन पर कार्यवाही करते हुए ठोस तथा गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें। शिविर में सभी विभागों के प्रमुखों ने प्राप्त आवेदन की जानकारी दी। उन्होंने सभी आवेदनों को पढ़कर सुनाया और कहा की प्राप्त आवेदनों का निराकरण निश्चित समय सीमा में पूरा किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने शिविर में राशन कार्ड का वितरण किया। इसके साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए परिवहन विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 220 आवेदन प्राप्त हुए।

मंत्री श्री अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहली प्राथमिकता वनांचल क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उनका हलचाल जानना और उन व्यक्तियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। इसके साथ ही वहां की समस्या, शिकायतों और मांगों सुनकर उनका त्वरित निराकरण करना है। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर को ग्रामीण क्षेत्रों में लगाने का मुख्य उद्देश्य वनांचल क्षेत्रों में राशन कार्ड, बिजली, पेयजल जैसे समस्या शासन प्रशासन तक पहुंच सके और उसका त्वरित निराकरण किया जा सके। इस निवारण शिविर का लाभ अधिक से अधिक लोगों को लेना चाहिए। मंत्री श्री अकबर ने ग्रामीणों द्वारा प्राप्त आवेदन पर आवेदनकर्ता से चर्चा कर विभाग को निराकरण करने के निर्देश दिए।

मंत्री श्री अकबर ने प्रत्येक आवेदन पर की गई कार्रवाई से हितग्राहियों को अवगत कराया। एसडीएम बोडला ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्व विभाग को 34 आवेदन प्राप्त हुए है। आवेदक श्री केवल स्वामी ने आवेदन किया है कि जमीन के नक्शा खसरा में भूमि स्वामी है लेकिन ऑनलाइन में गड़बड़ी दिखा रहा है जिसे जांच के बाद सुधार किया जाएगा। वही असीमदास द्वारा आवेदन करने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तत्काल बना कर दिया गया। श्री बालक दास को परिचय पत्र तथा आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए प्राप्त आवेदन पर सभी का आय प्रमाण पत्र बना कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आवेदकों द्वारा चिल्फी में स्टॉफ नर्स की मांग की गई। मंत्री श्री अकबर स्टॉफ नर्स पदस्थ करने के निर्देश दिए। हितग्राहियों द्वारा ग्राम चिल्फी में फड़ केंद्र खोलने की मांग की गई। डीएफओ ने बताया कि यहां केंद्र नही खोला जा सकता इसके समीप गांव में इसकी व्यवस्था की जा सकती है।

मंत्री श्री अकबर ने ग्रामवासियों की सहमति से ग्राम सरोदा में फड़ केंद्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बिजली विभाग के अधिकारी ने बताया कि बरहापानी में सौर ऊर्जा संचालित है जहां बिजली की मांग की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रस्ताव बनाकर उच्च कार्यालय को भेजा गया है। मंत्री श्री अकबर ने कहा कि इसमें कोई भी प्रकार से समस्या आती है तो अवगत कराए इसे दूर किया जाएगा। ग्रामीणों की बिजली की समस्या दूर होने चाहिए। वही ग्राम चिल्फी में बिजली बिल अधिक आने की शिकायत पर जांच करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ने बताया कि इस क्षेत्र के सड़क समस्या ग्रस्त थी जिसे मंत्री श्री अकबर के प्रयासों से इसके निर्माण के लिए स्वीकृति मिली है। इसके लिए 12 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया है। पीएचई विभाग के अधिकारी ने जानकारी दी की जल जीवन मिशन और हर घर नल योजना के अंतर्गत ग्राम चिल्फी में 2 कारोड़ 75 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है जिसके माध्यम से टंकी और पाइप लाइन से हर घर में नल के माध्यम से पानी पहुंचाया जाएगा। मंत्री श्री अकबर में 6 महीने में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह, डीएफओ चूडामणि सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा रावटे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष होरी साहू, नीलकंठ चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामकली, हंसा राम धुर्वे, रामकुमार पटेल, मुखी राम मरकाम, तुका राम चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती अमिता प्रभाती मरकाम, उपाध्यक्ष सनत जायसवाल, पीताम्बर वर्मा, जनपद सदस्य श्रीमती नरमदिया बाई, राजेश मेरावी, श्रीमती राजकुमारी मेरावी, श्रीमती अमरौतिन बाई, इंदरो पंचचेश्वर, श्रीमती दुखिया बाई, श्रीमती अर्चना चंद्रवंशी, सुमरन सिंह, जिला पंचायत सदस्य हंसराम ध्रुवे, बैगा विकास प्राधिकरण अध्यक्ष पुसुरम मेरावी, लूप ग्राम पंचायत, सरपंच ग्राम पंचायत शंभूपीपर सोनसिंह, रेंगाखार जनपद सदस्य लेखराम पंचेश्वर, जनपद सदस्य चिल्फी ब्रिजलाल मेरावी, सरपंच टेकराम यादव, उपसरपंच प्रकाश अग्रवाल, तानसेन चौधरी, सुकाल सिंह, संजय लिखाटे, गऊ दास बघेल आदि शामिल थे।

### सामान्य प्रशासन विभाग ने कलेक्टरों को जारी किया पत्र

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : प्रदेश के जिलों के लिए मुख्य अतिथि घोषित

श्रीकंचपथ न्यूज

रायपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए जिलों में मुख्य अतिथि के लिए नाम की घोषणा कर दिया गया है। इस आशय का पत्र मंत्रालय महानदी भवन स्थित सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टरो को जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार मुख्यमंत्री द्वारा मंत्रीगणों, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संसदीय सचिवों, विधायकों और योग आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों को प्रदेश के विभिन्न जिलों में मुख्य अतिथि नामांकित किया गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के लिए योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा रायपुर जिला, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत कोरबा जिला, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे बेमेतरा जिला, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम सूरजपुर जिला, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया महासमुंद जिला, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत गरियाबंद जिला, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग जिला, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया बालोद जिला, वन एवं परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर कबीरधाम जिला, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल रायगढ़ जिला, ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रूद्रकुमार मुंगेली जिला, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंह देव सरगुजा जिला और राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल कोरिया जिला के लिए मुख्य अतिथि नामांकित किया गया है।

इसी प्रकार छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष मनोज मंडावी कांकेर जिला, संसदीय सचिव डॉ. रश्मि आशीष सिंह बिलासपुर जिला, संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय जांजगीर–चांपा जिला, संसदीय सचिव चिन्तामणी महाराज बलरामपुर जिला, संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी सुकमा जिला, मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मी ध्रुव धमतरी जिला, छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्य गणेश योगी बलौदाबाजार–भाटापारा जिला, मध्य क्षेत्र आदिवासी प्राधिकरण के अध्यक्ष लालजीत सिंह राठिया जशपुर जिला, छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्य राजेश नारा बस्तर जिला, बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संतराम नेताम कोण्डागांव जिला, छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्य रविन्द्र सिंह राजनांदगांव जिला, विधायक चंदन कश्यप नारायणपुर जिला, बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी बीजापुर जिला, बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल दंतेवाड़ा जिला और विधायक डॉ. के.के. ध्रुव को गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के लिए मुख्य अतिथि नामांकित किया गया है।

## खाद्य मंत्री ने दिए पहुंच विहीन गांवों में राशन भंडारण के निर्देश

श्रीकंचपथ न्यूज

रायपुर। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मंत्री अमरजीत भगत ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्डधारियों को राशन उपलब्ध कराने के लिए वर्षाकाल में प्रदेश के पहुंचविहीन गांवों में राशन सामग्री भंडारित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने इसी कड़ी में बलरामपुर जिले के दूरस्थ वनांचल पहुंच विहीन ग्राम चुनचुना, पुंदाग सहित आश्रित ग्रामों में भी वर्षा के पूर्व ग्रामीणों को 4 माह का राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मंत्री के निर्देश के बाद खाद्य विभाग के अधिकारी प्रदेश के पहुंचविहीन ग्राम पंचायतों एवं आश्रिम ग्रामों में राशन सामग्री पहुंचाने की तैयारी में लग गए हैं।

खाद्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि ग्राम चुनचुना, पुंदाग, पीपरढाबा, चरहु में चार माह हेतु राशन सामग्री उपलब्ध हो सके इसके लिए सीआरपीएफके भुताही स्थित कैम्प तक राशन सामग्री पहुँचाई जाएगी।

जहाँ से ग्रामीणों को एक साथ चार माह का राशन सामग्री का वितरण किया जाएगा। गौरतलब है कि बलरामपुर जिला प्रशासन की टीम दूरस्थ पहुंच विहिन चुनचुना पुंदाग में पहुंची थी, तथा सामुदायिक पुलिंसिंग के तहत् सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को आवश्यक सामग्री वितरण किया गया।



## खास खबर

### छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय और साहित्यिक चेतना विकसित करने में पंडित माधवराव सप्रे का अमूल्य योगदानः बघेल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता के जनक और साहित्यकार पंडित माधवराव सप्रे की जयंती 19 जून पर उन्हें याद करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय और साहित्यिक चेतना को विकसित करने में भी सप्रे जी का अमूल्य योगदान रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उनकी लेखनी ने सैकड़ों सत्याग्रहियों का मार्गदर्शन किया और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा दी। सप्रे जी के रचनात्मक और मूल्यपरक लेखन ने छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता को एक नई दिशा दी है। उनके द्वारा रखी गई नींव पर ही आज छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता समृद्ध हो रही है।

श्री बघेल ने कहा कि अपनी लेखनी से सप्रे जी जीवन भर देश और साहित्य की सेवा में लगे रहे। उनके कई लेख और कृतियां प्रकाशित हुई। उन्होंने अनेक संस्थाओं को जन्म दिया जिनके माध्यम से लोग देश और जन सेवा के लिए आगे आए। सन् 1900 में जब प्रकाशन के लिए पर्याप्त सुविधाएं और आधुनिक तकनीकी नहीं थी, उन्होंने वामनराव लाखे जी और रामराव चिंचोलकर जी के सहयोग से पेण्ड्रा में मासिक हिन्दी पत्रिका 'छत्तीसगढ़ मित्र' का सम्पादन और प्रकाशन शुरू किया। सप्रे जी द्वारा रचित कहानी 'टोकरी भर मिट्टी' को भारतीय साहित्य में हिन्दी की पहली मौलिक कहानी का गौरव प्राप्त है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सप्रे जी का व्यक्तित्व और कृतित्व साहित्यकारों और पत्रकारों सहित आम जनता के लिए भी प्रेरणादायक है।

### एचपी के पंप संचालकों ने लगाई मुख्यमंत्री से गुहार

**रायपुर।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के डीलरों ने सुचारु रूप से तेल सप्लाई को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से गुहार लगाई है। कंपनी के डीलरों ने मुख्यमंत्री को बताया कि बीते तीन महीने से उनके पंपों में पेट्रोल-डीजल की सप्लाई प्रभावित है। एडवांस में भुगतान करने के बावजूद कंपनी द्वारा तेल की सप्लाई नहीं की जा रही है। छत्तीसगढ़ एचपी पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय पांडेय ने बताया कि मंदिर हसौद में एचपी कंपनी का एकमात्र तेल डिपो है, जो पूरे प्रदेश में तेल की सप्लाई करता है। माल न आने की वजह से आए दिन एचपी कंपनी के पेट्रोल पंप सूखे रहते हैं। उन्होंने कहा कि यही स्थित रही तो कृषि कार्य पूरी तरह से पिछड़ जाएगा और किसान डीजल के लिए भटकेंगे।

एचपी कंपनी के पेट्रोल पंप बंद रहने की वजह से इन दिनों दूसरी कंपनियों के पेट्रोल पंपों पर दबाव बढ़ता जा रहा है। दूसरी कंपनियों के पंपों में लाइन लगने लगी है। बताया जा रहा है कि इन कंपनियों ने आपूर्ति भी बढ़ा दी है। दूसरी कंपनियों के पंपों की बिक्री भी बढ़ गई है।

# छत्तीसगढ़ में चिप्स द्वारा किये जा रहे आधार सेवाओं के कार्य प्रशंसनीयः डॉ. सौरभ गर्ग

### यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के 3 सदस्यी दल ने किया आधार सेंटर का भ्रमण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के आम लोगों के लिए आधार सेवा के लिए किये जा रहे कार्य प्रशंसनीय है। यह बात नई दिल्ली से आये यूआईडीएआई के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सौरभ गर्ग ने राजधानी स्थित नगर निगम आधार केंद्र के भ्रमण के दौरान कही। इस अवसर पर डॉ. सौरभ गर्ग के साथ उप महानिदेशक संगीता पी. और छत्तीसगढ़ राज्य आधार संचालक श्रीनिवास नाइक भी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि यूआईडीएआई के दल ने नगर निगम आधार सेंटर के अलावा जोन सात के आधार सेंटर का भी भ्रमण किया। नगर निगम के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि चिप्स के साथ समन्वय कर नगर निगम की अधिकांश नागरिक सेवाएं सुविधाजनक रूप से आम नागरिकों को प्रदान की जा रही हैं। चिप्स के संयुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीलेश सोनी ने नई दिल्ली से आये दल को राज्य में आधार सेवाओं के संचालन की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की। उक्त जानकारी देते हुए नीलेश सोनी ने बताया कि राज्य में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप नागरिक सेवाओं की प्रदायगी में पारदर्शिता और विश्वनीयता बढ़ने के लिए चिप्स निरंतर कार्यरत है, जिसमें आधार सेवाएं महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ यूआईडीएआई के परियोजना प्रमुख अनित तिवारी और सहायक प्रबन्धक सौरभ रामटेके के साथ नगर निगम के अधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि आधार केन्द्रों में नए आधार कार्ड के लिए पंजीयन, पता, फोटो, बायो मेट्रिक जानकारी अपडेट करने का कार्य किया जा रहा है। डायरेक्ट बेनेफीट ट्रांसफर वाली अनेक योजनाओं में आधार ऑर्थेंटिकेशन जरूरी होता है।

### स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में 28 कर्मचारियों ने एक साथ छोड़ी नौकरी

**रायपुर (ए)।** स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट माना में कार्गो सेवाएं तीन दिन से ठप हैं। इसी वजह से विमान के जरिए दवाइयां-वैक्सीन और अन्य सामान का आयात रुक चुका है। यहां कार्गो सेवाएं एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया के स्वामित्व वाली निजी कंपनी द्वारा संचालित हैं। 16 जून को 28 कर्मचारियों ने एक साथ नौकरी छोड़ दी। सूत्रों के मुताबिक नौकरी छोड़ने के पीछे कंपनी द्वारा कर्मचारी विरोधी रवैया सामने आ रहा है। कार्गो सेवाओं के बंद होने की वजह से दवाइयां, वैक्सीन, मेडिकल उपकरण, डाक सेवा, मोबाइल-इलेक्ट्रानिक्स सहित अन्य जरूरी सामग्री का आयात-निर्यात भी ठप हो चुका है। कर्मचारियों के एक साथ नौकरी छोड़ने के बाद शनिवार को दिल्ली मुख्यालय से कंपनी के एजीएम को माना एयरपोर्ट भेजा गया, जिसके बाद नई भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है।

## विकास प्रदर्शनीः जशपुर जिले के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने विकास प्रदर्शनी का किया अवलोकन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा लगायी गई विकास प्रदर्शनी से लोगों को उपयोगी जानकारी उपलब्ध हो रही है। उल्लेखनीय है कि 21 मई से 22 जून तक चलने वाली इस विकास प्रदर्शनी में लोककल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों को फोटो एवं ऑडियो-वीडियो विजुअल के माध्यम से लोगों को जानकारी दी जा रही है। जिसे देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक सहित सभी आयु वर्ग के लोग आ रहे हैं।

इसी कड़ी में आज जशपुर जिले से आए जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी और ग्रामीणों ने विकास प्रदर्शनी का अवलोकन कर इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य में संचालित राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, मुख्यमंत्री हॉट बाजार क्लिनिक योजना, गोधन न्याय योजना और नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं से ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। कांसाबेल ब्लॉक के ग्राम पंचायत हथगढ़ा की सरपंच अंजलिना टोप्पो और ग्राम पंचायत केनाडार सरपंच शशिकला खलखो ने बताया कि पंचायत स्तर पर होने वाले विकास कार्यों को बेहतर तरीके से विकास प्रदर्शनी में दिखाया गया है। इस प्रदर्शनी को देखकर हमें शासन की योजनाओं की बेहतर जानकारी ग्रामीणों को देने में सहायक साबित होगी।

इसी तरह पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के एमएससी में अध्ययनरत अमित प्रधान के नेतृत्व में छात्रदल ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। साथ ही अवंती विहार निवासी सुरेंद्र बिसेन ने बताया की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कार्यकाल और उनकी कार्यशैली प्रशंसनीय है और प्रदर्शनी में विकास कार्यों को बेहतर तरीके से सेटअप बनाकर प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर विकास प्रदर्शनी में आने वाले लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं और विगत साढ़े तीन साल के विकास कार्यों पर आधारित उपयोगी प्रकाशन सामग्री का भी वितरण किया जा रहा है।

### रायपुर के घड़ी चौक पर है चार भुजाओं वाली छत्तीसगढ़ महतारी का मंदिर

**रायपुर।** राज्य सरकार ने सरकारी कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर को अनिवार्य कर दिया है। छत्तीसगढ़ अलग राज्य निर्माण आंदोलन के दौरान यह तस्वीर पहली बार सामने आई थी। आंदोलन स्थल पर बेड़ियों में जकड़ी छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर हुआ करती थी। इसी तस्वीर के आधार पर छत्तीसगढ़ महतारी की चार भुजाओं वाली मूर्ति बनी जो आज भी रायपुर के घड़ी चौक के एक किनारे मंदिर में स्थापित है। इस मूर्ति को 1998 में टिकरापारा के नरेश कुमार निर्मलकर ने बनाया था। इतिहासकार प्रोफेसर रमेंद्रनाथ मिश्र के अनुसार अलग राज्य बनाने के लिए संघर्ष कर रहे आंदोलनकारियों ने ही पहली बार छत्तीसगढ़ महतारी की परिकल्पना की थी। घड़ी चौक के धरनास्थल पर एक मूर्ति स्थापित की थी। इसमें राज्य को मां के स्वरूप में प्रस्तुत करने के लिए मूर्ति को लुगरा (साड़ी) पहनाई गई है। मूर्ति की परिकल्पना में सरगुजा मस्तक है, कोंटा-सुकमा पैर, रायगढ़ और डोंगरगढ़ को भुजा मानते हैं। रायपुर-दुर्ग को कमर और राजगीत में रायगढ़ को मस्तक माना गया है।

## सभी सरकारी अस्पतालों में सिकलसेल की निःशुल्क जांच दवाईयों एवं परामर्श की सुविधा

### लाइसेंसीकृत ब्लड-बैकों से निःशुल्क रक्त भी उपलब्ध कराया जाता है

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की करीब एक प्रतिशत आबादी रक्त से संबंधित अनुवांशिक रोग सिकलसेल से पीड़ित है। प्रदेश के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में इसकी निःशुल्क जांच, दवाईयों एवं परामर्श की सुविधा है। सिकलसेल के मरीजों को जरुरत पड़ने पर लाइसेंसीकृत ब्लड-बैकों से निःशुल्क रक्त भी उपलब्ध कराया जाता है। स्वास्थ्य विभाग ने 19 जून को विश्व सिकलसेल दिवस के मौके पर सभी गर्भवती महिलाओं और बच्चों की सिकलसेल जांच कराने की अपील की है। समय पर इसकी पहचान हो जाने से गर्भवती महिलाओं और बच्चों की जान बचाई जा सकती है।

रायपुर में राज्य सिकलसेल संस्थान भी संचालित है जहां इसके मरीजों के टर्शरी केयर की व्यवस्था है। संस्थान में इस बीमारी के बारे में अनुसंधान भी किया जा रहा है। प्रदेश भर के चिकित्सा अधिकारियों और लैब तकनीशियनों को यहां सिकलसेल के बारे में प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

सिकलसेल एक अनुवांशिक रोग है। यह रक्त चढ़ाने या कुपोषण के कारण नहीं होता है। यह रोग दो प्रकार का होता है - सिकलसेल रोग एसएस और सिकलसेल वाहक एएस।

सिकलसेल रोग एसएस में मरीज को गंभीर दर्द और तकलीफ हो सकती है और बार-बार खून चढ़ाने की जरूरत पड़ सकती है। डॉक्टर की सलाह अनुसार दवा लेने से मरीज लंबा जीवन जी सकता है और गंभीर तकलीफ से बच सकता है।

सिकलसेल वाहक एएस वाहक होता है। यह कोई रोग नहीं है। इसमें व्यक्ति को कोई शारीरिक कष्ट नहीं होता है और न ही उसे किसी इलाज की आवश्यकता होती है। किन्तु माता-पिता दोनों वाहक हो तो उनके बच्चे में सिकलसेल रोग की संभावना हो सकती है। अगली पीढ़ी में इसके प्रसार को रोकने के लिए विवाह पूर्व जांच करा लेना चाहिए। सिकलसेल वाहक अथवा रोग वाले व्यक्तियों को आपस में विवाह नहीं करना चाहिए।

### क्यों जरूरी है गर्भवती महिलाओं और बच्चों की सिकलसेल जांच?

गर्भवती महिलाओं और बच्चों की सिकलसेल जांच से समय पर इसकी पहचान हो जाती है। इससे सिकलसेल गुण वाले व्यक्ति विवाह के समय जरूरी सावधानी बरत सकते हैं। साथ ही जिन व्यक्तियों में सिकलसेल रोग का पता चलता है उनका सही इलाज समय पर शुरू हो जाता है, जिससे वे तकलीफसे बच जाते हैं। बचपन में ही सिकलसेल की पहचान हो जाने से जरूरी सलाह व इलाज तत्काल शुरू किया जा सकता है। गर्भवती और उनके पति की जांच करना विशेष रूप से जरूरी है। इससे उनके साथ-साथ उनकी आने वाली संतान को भी सुरक्षित रखने में मदद मिलती है।

# मानसून की शुरूआत के बाद पूरे प्रदेश में निर्धारित तिथि को होगा 'रोका-छेका' का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मानसून की शुरूआत के बाद पूरे प्रदेश में निर्धारित तिथि को रोका-छेका का आयोजन किया जाएगा। रोका-छेका छत्तीसगढ़ की खेती-किसानी से जुड़ी एक प्राचीन परंपरा है, जिसका मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर एक अभियान के रूप में पिछले तीन वर्षों से आयोजन किया जा रहा है। आगामी फसल बुआई के पूर्व खुले में चराई करने वाले पशुओं से फसलों को बचाने के लिए इस वर्ष भी ''रोका-छेका'' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सभी कलेक्टरों को प्रदेश में बारिश शुरू होने पर पूरे प्रदेश में एक साथ रोका-छेका कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। रोका-छेका की तिथि का निर्धारण बारिश की स्थिति को देखते हुए विभिन्न जिलों के समन्वय से की जाएगी।

गौरतलब है कि रोका-छेका के माध्यम से किसान और पशुपालक अपने पशुओं को खुले में चराई के लिए नहीं छोड़ने का संकल्प लेते हैं, ताकि फसलों को नुकसान न पहुंचे। पशुओं को घरों, बाड़ों और गौठानों में रखा जाता है और उनके चारे-पानी का प्रबंध भी किया जाता है। गांवों में गौठानों के बनने से रोका-छेका का काम अब और भी ज्यादा आसान हो गया है। गौठानों में पशुओं की देखभाल और उनके चारे-पानी की प्रबंध की चिन्ता अब किसानों और पशुपालकों को नहीं है। गौठानों में इसका प्रबंध पहले ही किया गया है।



कलेक्टरों और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को रोका-छेका कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा जारी किए गए हैं। प्रदेश के सभी कलेक्टरों और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को छत्तीसगढ़ की रोका-छेका प्रथा के अनुरूप गौठानों में पशुओं के प्रबंधन व रख-रखाव की उचित व्यवस्था करने, पशुपालकों और किसानों को अपने पशुओं को घरों में बांधकर रखने के लिए प्रोत्साहित करने तथा गांवों में पहटिया (चरवाहा) की व्यवस्था करने के संबंध में 20 जून तक ग्राम स्तर पर बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

''रोका-छेका'' होने से कृषक शीघ्र बुआई कार्य संपादित कर पाते हैं, साथ ही दूसरी फसल लेने के लिए प्रेरित होते है। कलेक्टरों और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से कहा गया है कि 20 जून तक ग्राम स्तर पर ग्राम सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणजन की बैठक आयोजित कर पशुओं के नियंत्रण से फसल बचाव का निर्णय ग्राम सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों के द्वारा लिया जाए। फसल को चराई से बचाने हेतु पशुओं को गौठान में नियमित रूप से लाये जाने के संबंध में प्रत्येक गौठान ग्राम में मुनादी करायी जाये। निर्देशों में यह भी कहा गया है कि ''रोका-छेका'' प्रथा अंतर्गत गौठानों में पशुओं के प्रबंधन व रखरखाव की उचित व्यवस्था हेतु गौठान प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की जाए। ऐसे गौठान जो सकिय परिलक्षित नहीं हो रहे है, वहां आवश्यकतानुसार जिले के प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से समिति में संशोधन कर सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही साथ पहटिया (चरवाहे) की व्यवस्था से पशुओं का गौठानों में व्यवस्थापन सुनिश्चित करायें। गौठानों में पशु चिकित्सा तथा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कराया जाए तथा वर्षा के मौसम में गौठानों में पशुओं के सुरक्षा हेतु व्यापक प्रबंध किया जाए। वर्षा से जल भराव की समस्या दूर करने के लिये गौठानों में जल निकास की समुचित व्यवस्था की जाए तथा गौठान परिसर में पशुओं के बैठने हेतु कीचड़ आदि से मुक्त स्थान की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टरों और मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को गौठान में पर्याप्त चारा, पैरा आदि की व्यवस्था करने, ग्रीष्मकालीन धान की फसल के पैरादान हेतु कृषको को प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही साथ समस्त निर्मित गौठानों में 30 जुलाई से पहले चारागाह की स्थापना करने तथा कलेक्टरों से रोका-छेका कार्यक्रम का स्थानीय स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कर ग्रामीणजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा गया है।




नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# अक्सर रहते हैं चिंतित और परेशान ? ये चार आदतें तुरंत छोड़ दें वरना बढ़ सकता है डिप्रेशन का खतरा

मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ती हुई रिपोर्ट की जा रही है, विशेषकर कोरोना महामारी की शुरुआत के बाद से इससे संबंधित रोगियों के मामले काफी ज्यादा बढ़े हैं। मेडिकल साइंस कहता है, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक हैं, ऐसे में एक में होने वाली समस्या की असर दूसरे की सेहत को नकारात्मक तौर से प्रभावित कर सकता है। यही कारण है कि सभी लोगों को नियमित रूप से अपनी सेहत को बेहतर बनाए रखने वाले उपाय करने की सलाह दी जाती रही है, इसमें मानसिक सेहत का ख्याल रखना भी शामिल है।



सामान्यतौर पर मानसिक स्वास्थ की समस्याओं की शुरुआत चिंता-तनाव विकारों के साथ होती है, जिसपर अगर ध्यान न दिया जाए तो यह ब्लड प्रेशर बढ़ाने के साथ हृदय रोग और अवसाद जैसी गंभीर समस्याओं का कारण तक बन सकती है।

विशेषज्ञ कहते हैं चिंता-तनाव जैसी समस्याएं अब कम उम्र के लोगों में भी देखी जा रही है, इसलिए सभी लोगों को इसको लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है, इसके लिए आहार और दिनचर्या में विशेष बदलाव की आवश्यकता होती है। आइए जानते हैं कि कौन सी आदतें इन समस्याओं को ट्रिगर कर सकती हैं जिससे सभी लोगों को बचाव करते रहना जरूरी होता है।

### अधिक मात्रा में कैफीन का सेवन

यदि आप भी कॉफी के बहुत ज्यादा शौकीन लोगों में से एक हैं तो यहां थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है। बहुत ज्यादा कॉफी पीना आपके तनाव को दूर नहीं बल्कि बढ़ा सकता है। तनाव महसूस करने की स्थिति में शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है। अध्ययनों में पाया गया है कि कैफीन, कोर्टिसोल के रिलीज को ट्रिगर करता है। इसका मतलब है कि यदि आप कैफीन वाली चीजों का अधिक सेवन करते हैं तो इसकी मात्रा को कम कर दें।

### धूम्रपान की आदत हानिकारक

धूम्रपान को सेहत के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक माना जाता है, यह चिंता-तनाव विकारों को भी बढ़ा देता है। धूम्रपान से रिलीज होने वाली निकोटीन आपके मस्तिष्क में रसायनों के असंतुलन को बढ़ा देती है जिससे हृदय गति और रक्तचाप बढ़ने का खतरा हो सकता है। यह आपको चिड़चिड़ा और चिंतित महसूस करवा सकती है। अध्ययनों से पता चलता है कि जो लोग धूम्रपान नहीं करते हैं उनमें तनाव, चिंता और अवसाद का स्तर कम होता है।

### सोशल मीडिया पर कम समय बिताएं

सोशल मीडिया से हमेशा चिपके रहने वाले लोगों में भी मानसिक स्वास्थ्य की बढ़ती समस्याओं का जोखिम अधिक पाया गया है। सोशल मीडिया पर लगातार समय बिताते रहने की आदत हमें तनावग्रस्त महसूस करवा सकती है। सोशल मीडिया पर बार-बार दिखने वाले कंटेंट के आधार पर हमारा मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। सभी लोगों, विशेषकर बच्चों को इस तरह की आदतों से बचाना चाहिए।

### नींद की कमी के नुकसान

नींद की कमी मानसिक और शारीरिक दोनों तरह की सेहत को गंभीर क्षति पहुंचा सकती है। अध्ययनों से पता चलता है कि जिन लोगों की रोजाना रात में कम से कम 7-9 घंटे की नींद पूरी नहीं होती है उनमें अन्य लोगों की तुलना में तनाव-चिंता विकार बढ़ने का खतरा अधिक हो सकता है। नींद की कमी रक्तचाप बढ़ाने के साथ आपकी शारीरिक सेहत को भी कई प्रकार से प्रभावित कर सकती है।

# 5 टिप्सः मानसून में ऐसे टिका रहेगा मेकअप

बारिश के मौसम में न केवल आप के बालों में चिपचिपाहट हो सकती है, बल्कि आपका खूबसूरत मेकअप भी बिगड़ सकता है. जरा सोचिए, अगर बारिश के मौसम में आप पार्टी के लिए तैयार हो कर निकलें और अचानक बारिश होने लगे तो आप का सारा मेकअप बह जाएगा. इसी परेशानी से बचने के लिए पेश हैं, इस मौसम में मेकअप करने के कुछ सुझाव:

### क्लीनिंग है जरूरी

मानसून में स्किन की सही देखभाल के लिए चेहरे को नियमित फेस वौश करें. चेहरा धोने के 10 मिनट बाद उस पर बर्फ का टुकड़ा रब करें. इस से मेकअप अधिक समय तक टिकता है और साथ ही मौनसून में डल स्किन को भी फ्रेश लुक मिलेगा. अगर आप की स्किन औयली है तो ऐस्ट्रिंजैंट का इस्तेमाल करें. जिन की त्वचा सामान्य या ड्राई हो वे इस मौसम में फेस वाश के बाद टोनर का इस्तेमाल करें.

### प्राइमर का करें सही इस्तेमाल

अगर आप के चेहरे पर ज्यादा दागधब्बे और हलके गड्ढे अथवा दाने हैं, तभी प्राइमर लगाएं, क्योंकि ऐसा करना इस मौसम में उपयुक्त होगा. प्राइमर स्किन की सतह को समतल कर देगा, जिस से मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहेगा. लेकिन जिन्हें ऐसी समस्या नहीं है उन्हें प्राइमर लगाने की जरूरत नहीं है.

मानसून में मेकअप करने से पहले चेहरे पर जैली प्राइमर का प्रयोग कर लें. प्राइमर लगा कर 2-3 मिनट के लिए छोड़ दें. उस के बाद अगला स्टैप करें. इस से प्राइमर ज्यादा टाइम तक टिकता है. बारिश में कंसीलर के इस्तेमाल से बचें, क्योंकि बारिश का पसीने वाला मौसम कंसीलर को चेहरे पर टिका नहीं रहने देता. फिर भी आप को कंसीलर की सख्त जरूरत हो तो क्रेयान कंसीलर का विकल्प चुन सकती हैं.

### आईशैडो का करें ऐसे इस्तेमाल

मानसून के दौरान अपनी आईब्रोज को हमेशा सैट रखें और आईब्रोज पैंसिल का इस्तेमाल भूल से भी न करें. इन दिनों पैंसिल के बहने का डर रहता है. जहां तक संभव हो आईशैडो का प्रयोग न ही करें. यदि करना ही पड़े तो आईशैडो में क्रीम के बजाय पाउडर का प्रयोग करें ताकि वह मैल्ट हो कर आप के खूबसूरत चेहरे को खराब न करे. यह क्रीम आईशैडो के मुकाबले ज्यादा देर तक टिका रहता है. इस में भी कुछ नैचुरल शेड्स जैसे पिंक या ब्राउन का प्रयोग करें. स्मज फ्री काजल का इस्तेमाल करें. पलकों पर वाटरप्रूफ मसकारा लगाएं. यह ज्यादा देर तक टिकेगा. मौनसून में ब्लैक की जगह कलरफुल लाइन के साथ ट्रांसपैरेंट मसकारा इस्तेमाल करें.

### लिपस्टिक के साथ लिप बाम भी रखें जरूर

लिपस्टिक आप के चेहरे से डलनैस दूर करने का काम करती है. दोस्तों से मिलना हो या आउटिंग पर जाना हो, अच्छे ब्रैंड और स्किन टोन के हिसाब से लिपस्टिक जरूर लगाएं. लेकिन उस पर लिप ग्लौस न लगाएं, क्योंकि यह ग्लौस आसानी से मिट जाता है (विकल्प के तौर पर आप ज्यादा देर तक टिका रहने वाला शीयर ग्लौस लगा सकती हैं). अगर लिपस्टिक न लगाती हों तो बैग में अच्छे ब्रैंड का लिप बाम जरूर रखें. इसे दिन में 2-3 बार लगाएं, क्योंकि फटे होंठ लुक खराब करते हैं. इसलिए लिप बाम लगा कर होंठों को मुलायम बनाएं. लिपस्टिक को लौंग लास्ट करने के लिए अपने होंठों पर पहले लूज पाउडर का एक हलका स ा कोट लगा लें. अब कौटन बौल से ऐक्स्ट्रा पाउडर झाड़ कर साफ कर लें. यह आप की लिपस्टिक के लिए एक परफैक्ट बेस का काम करता है. अब लिप लाइन पर हलके रंग का लिप लाइनर प्रयोग कर लें. अगर आप के होंठ पतले आकार के हैं, तो लिप लाइन के बाहर की ओर लाइनर का प्रयोग करें. यदि आप अपने होंठ पतले दिखाना चाहती हैं, तो होंठों के अंदर लिप लाइनर का इस्तेमाल करें. लिपस्टिक लगाने के बाद एक हलका सा लूज पाउडर का कोट एक बार फिर लगा लें. इस से आप के होंठों पर लिपस्टिक ज्यादा देर तक लगी रहेगी.



### सही फाउंडेशन है जरूरी

उमस के मौसम में मेकअप के पसीने के साथ बहने की संभावना के चलते लिक्विड या क्रीम फाउंडेशन के बजाय ऑयलफ्री मॉइश्चराइजर का हलका कोट लगाया जा सकता है. टचअप के लिए हलका कौंपैक्ट पाउडर लगा सकती हैं. फाउंडेशन की जगह टिंटेड मौइश्चराइजर का भी प्रयाग किया जा सकता है.

मानसून के दौरान हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि आप का ब्लश सौम्य पर परिधान पर सूट करता होना चाहिए. बेहतर होगा इस दौरान शिमरी ब्लश यूज में न लाएं, क्योंकि यह चिपचिपा लुक देता है, साथ में पानी के कौंटैक्ट में आने पर बहने भी लगता है. पाउडर ब्लश के बजाय आप क्रीम ब्लश इस्तेमाल कर सकती हैं. अगर आप थोड़ा और कलर व उभार चाहती हैं तो क्रीम ब्लश के ऊपर पाउडर ब्लश लगाएं ताकि यह गालों पर ज्यादा देर तक टिका रहे, जो आप के चेहरे पर चमक व कलर लाने के साथसाथ खूबसूरती भी बढ़ाता है.

# इंडियाज लाफ्टर चैंपियनः बदलते जमाने की सोच बदलती रहती है, कल जो था, वह आज नहीं हैः शेखर सुमन

रियलिटी कॉमेडी शो 'इंडियाज लाफ्टर चैंपियन' सोनी एंटरटेनमेंट पर 11 जून से शुरू हो चुका है। इसमें देशभर से 50 प्रतिभागियों को चुनकर लाया गया है। इस शो को अर्चना पूरण सिंह और शेखर सुमन जज कर रहे हैं। दैनिक भास्कर से खास बातचीत में शेखर सुमन ने इस शो से जुड़ी कई सारी बातें शेयर की हैं।



### सबसे पहले शो के कॉन्सेप्ट के बारे में बताइए?

यह एक रियलिटी कॉमेडी शो है। इसमें देशभर से तमाम प्रतिभागियों के बीच से चुनकर इसमें 50 प्रतिभागी सिलेक्ट हुए हैं। अब इनके बीच जबर्दस्त प्रतिस्पर्धा होगी, जो आखिर तक पहुंचेगा वह 'इंडियाज लाफ्टर चैंपियन' का प्रथम विजेता होगा। हां, देशभर से 50 प्रतिभागियों को चुनकर चैनल और प्रोड्यूसर ने हमारा काम आसान कर दिया वरना वहां भी हमें बैठना पड़ता। खैर, अब ये 50 प्रतिभागी हमारे सामने परफॉर्म करेंगे और इन्हें हम सिलेक्ट करके आगे भेजेंगे।

### बदलते दौर के साथ कॉमेडी को किस तरह से बदले स्वरूप में देखते हैं?

बदलते जमाने की सोच बदलती रहती है। कल जो था, वह आज नहीं है और आज जो है, वह कल नहीं रहेगा। जमाना आगे बढ़ रहा है तो सोच भी आगे बढ़ रही है। इस तरह से खयालात बदल रहे हैं, लोगों की जबान बदल रही है, ग्रामर बदल रहा है, मीडियम बदल रहा है। इस तरह से शो में जो प्रतिभागी आए हैं, वे नई सोच के साथ आए हैं, नए किस्म का ह्यूमर लेकर आए हैं। जो कल तक और रूप में था, आज अलग रूप में है। जिस तरह से वही क्रिकेट खेल रहे हैं, पर टेक्निक नई आ गई है। कुछ इसी तरह से कॉमेडी वही है, पर बयां करने का अंदाज बदल गया है।

### आप प्रतिभागियों को जज करते हैं, खुद के काम को किस तरह से जज करते हैं?

मेरे खुद के काम को दर्शक जज करते हैं। हम खुद के काम को जज नहीं कर सकते। हां, एसे कर सकते हैं कि कहां बेहतर हैं और कहां खामियां हैं। खामियों को कैसे बेहतर बना सकते हैं। यह एक सेल्फ एसेसमेंट होता है, जो अपने आप करते चले जाएं। लोगों से पूछें कि मुझमें कहां कमियां, खामियां हैं, जिसे दूर कर बेहतर हो सकता हूं।

### प्रतिभागी जब आपके ऊपर जोक मारते हैं, तब उसे किस तरह से लेते हैं?

अगर हेल्दी ह्यूमर है, जो आपत्तिजनक नहीं है, अपमानजनक नहीं है, तब तो बिल्कुल सही है। अगर कोई निजी मामलों पर दखलंदाजी करे, तब वह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा या वह अलाऊ नहीं किया जाएगा, कम से कम यह मेरे हिसाब से। यह एक हिदायत है कि पर्सनल कमेंट कुछ नहीं हों। अगर हों, तब वह इस तरह से हों कि सबको मजा आए। ऐसा न हो कि कुछ अपमानित करने के हिसाब से बोला जाए। अगर लोगों को छूट दीजिए, उन्हें उंगली पकड़ाइए, तब पहुंचा पकड़ लेते हैं और फिर गिरेबांह पकड़ लेते हैं, आपके सिर पर भी चढ़ जाते हैं। उनको रोकना बहुत जरूरी है।

### इस शो के बारे में और क्या कहना चाहेंगे?

इस शो के बारे में सिर्फ इतना ही कहना चाहूंगा कि जैसे टेलीविजन पर कुछ चीजें आती हैं, वह पारिवारिक हो जाती हैं। यह ओटीटी प्लेटफॉर्म की तरह नहीं है। वह इंडिविजुअल प्लेटफॉर्म है। इंटरनेट पर पोर्नोग्राफी भी अलाऊ है, लोग वहां जाकर देख सकते हैं। वह उनका निजी मामला है। लेकिन टेलीविजन पर जाते हैं, तब यहां पर सेंसरशिप हो जाता है और वह होना जरूरी भी है, क्योंकि परिवार एक साथ बैठकर देखता है। यहां मर्यादा का खयाल रखना बहुत जरूरी है। हां, मर्यादा से बाहर जाना चाहें, तब आपके लिए ओटीटी प्लेटफॉर्म है। आपको जो मर्जी हो, वहां पर देखें। इसका खासतौर पर खयाल रखा गया है कि ओटीटी की बात इसमें न आ जाए। ओटीटी इसलिए बना भी है कि वे चीजें टेलीविजन पर नहीं आ सकती थीं, जिससे वह प्लेटफॉर्म क्रिएट किया गया है।

# 'बाहुबली 2' का रिकार्ड तोड़ तमिलनाडु में नंबर वन बनी फिल्म 'विक्रम'

कमल हासन ने अपनी फिल्म 'विक्रम' की सफलता के साथ एक बार फिर अपनी स्टार पावर को साबित कर दिया है। फिल्म को रिलीज हुए दो हफ्तों से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन अभी भी यह बॉक्स ऑफिस पर आए दिन रिकॉर्ड तोड़ रही है। वहीं, अब 'विक्रम' तमिलनाडु में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। विक्रम ने अकेले ही राज्य में 150 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन कर प्रभास की 'बाहुबली 2' को पीछे कर दिया है। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर मिली सफलता के बाद सक्सेस पार्टी का आयोजन कर फैंस का शुक्रिया अदा किया गया।




### फैंस का किया ध्यायवाद

कमल हासन ने निर्देशक लोकेश कनगराज, संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर, विजय सेतुपति और फिल्म के वितरकों के साथ फैंस को इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद दिया। उदयनिधि स्टालिन ने कहा, 'रिलीज होने से पहले मैं फिल्म देखने वाला पहला व्यक्ति था। इंटरवल के बाद मेरा दिमाग चकरा गया क्योंकि तमिल सिनेमा ने ऐसा कभी नहीं देखा था। फिल्म के बाद मुझे यकीन था कि यह हिट होगी। लेकिन कभी नहीं सोचा था कि यह इतनी बड़ी हिट होगी।

### फिल्म ने तोड़े कई रिकॉर्ड

फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डिस्ट्रीब्यूट करने वाले एपी इंटरनेशनल के संजय के मुताबिक 'विक्रम' ने कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सोमवार तक फिल्म की विदेशी कमाई 100 करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी।' कमल हासन ने कहा कि उन्हें जो सबसे बड़ा उपहार मिला है, वो यह है कि तमिलनाडु के लोग उन्हें अपनी दैनिक कमाई का एक हिस्सा दे रहे हैं।

### वर्ल्डवाइड किया इतना कलेक्शन

'विक्रम' अब तक वर्ल्ड वाइड 350 करोड़ के आंकड़े को पार कर चुकी है। अब 'विक्रम' रजनीकांत की 2018 की ब्लॉकबस्टर फिल्म '2.0' से पीछे है, जिसने 650 करोड़ का बिजनेस किया था। 'विक्रम' के कलेक्शन की रफ्तार को देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि फिल्म जल्द दी वर्ल्डवाइड 400 करोड़ का आंकड़ा भी पार कर लेगी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Pankaj Mobile
Tata Play Connection Available
All Accessories & General Electricals Items
All Types Recharge & DTH, FastTag Recharge
Pankaj Umbre-
Mo.- 9993240894, 7987806710
Shop No.- 4, Jugnu Dera Complex, Adarsh Nagar, Potia Road, Durg (C.G.)

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI XII B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### मंत्री रविन्द्र चौबे ने दो करोड़ के विकास कार्यो को दी मंजूरी

**रायपुर।** मंत्री रविन्द्र चौबे ने कुम्हारी (धरसींवा) में खाद, गोदाम कार्यालय का लोकापर्ण किया। इस दौरान कुम्हारी कृषि सहकारी समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला के मांग पर कुम्हारी स्कूल के भवन हेतु 50 लाख, नल जल कार्य हेतु 1 करोड़ 20 लाख एवं कन्हेरा, कुम्हारी, चिखली, पठारीडीह, बेन्द्री, सांकारा सभी ग्राम पंचायत में 25-25 लाख के विकास कार्यो की घोषणा किया। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा, महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष उधोराम वर्मा, दुर्गेश वर्मा, प्रमोद शर्मा, सुखनंदन जांगड़े, जागेश्वर वर्मा, बालाराम पाठक, मीरा गजानंद गिरी, जागेश्वर वर्मा, अरूणा शुक्ला, बंटी शुक्ला, शेष शर्मा, सुनील शुक्ला, हरिशंकर सोनवानी, चूड़ामणी साहू, बाना खान, राकेश निषाद उपस्थित थे।

### दशम् अखिल भारतीय हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन के समस्त हिन्दुत्वनिष्ठों का दृढ़ विश्वास

**रायपुर।** वर्तमान में काल हिन्दुओं के लिए अनुकूल है । 10 वर्ष पूर्व हिन्दू राष्ट्र का प्रथम अधिवेशन आयोजित करने पर सभी संदेह की दृष्टि से 'हिन्दू राष्ट्र' शब्दप्रयोग की ओर देख रहे थे । आज 10 वर्ष पश्चात संसद में हो अथवा जनसंसद में हो, 'हिन्दू राष्ट्र' शब्द प्रचलित हो गया है । पुरी के शंकराचार्यजी का 'हिन्दू राष्ट्रसंघ', काशी विद्वत परिषद की 'संस्कृति संसद' से दक्षिण भारत का 'सेव टेंपल्स' और 'रिक्लेम टेंपल्स' ऐसे सैकडों अभियान हिन्दुत्व और हिन्दू राष्ट्र की दिशा में संपूर्ण भारत में प्रारंभ हो गए हैं । हिन्दुओं ने 'हिन्दू राष्ट्र' की संकल्पना स्वीकारी है । अखंड हिन्दू राष्ट्र का कार्य अब कोई नहीं रोक सकता । इसलिए 'हिन्दू राष्ट्र' के विरोध में राष्ट्रविरोधी, धर्मविरोधी, सेक्युलरवादी आदि कार्यरत होते है तो उनका सामना करने के लिए समस्त हिन्दुत्वनिष्ठ संगठनों ने पांडवों के समान 'वयं पंचाधिकम् शतम्' ('हम एक सौ पांच') एकत्रित आकर संघर्ष करने के लिए तैयार होना चाहिए, ऐसा आवाहन दशम 'अखिल भारतीय हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन' में देशविदेश से आए संगठनों को किया गया है।

# दुर्गम क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं का मिल रहा लाभ

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर।** दुर्गम क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं का अच्छा लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। यह कहना है राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित डीडीयू आडिटोरियम में लगाई गई विकास परक राज्य स्तरीय छायाचित्र प्रदर्शनी देखने के लिए आए जशपुर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों का। जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई इस प्रदर्शनी को देखने के लिए अलग-अलग जिलों के जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। इस प्रदर्शनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लोगों के जीवन में आए बदलाव और विकास कार्यों की उपलब्धियों को दिखाया गया है। आज जशपुर जिले के सरपंचों ने प्रदर्शनी को देखा और सराहा।



छायाचित्र प्रर्दशनी के माध्यम से लोगों को मिल रही शासकीय योजनाओं की जानकारी

प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद जशपुर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार सभी वर्गो के आर्थिक उत्थान के लिए योजनाओं का संचालन कर रही है। ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। महिला सशक्तिकरण के सपनों को सफल करने सरकार सभी आवश्यक कदम उठा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के माध्यम से डॉक्टर अब गांव-गांव पहुंच कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रहा हैं। कुनकुरी विकासखंड की ग्राम पंचायतों रेंगारघाट, केराडीह, चटकपुर, सेंद्रीमुंडा, बेमतातोली, खुटगांव आदि के सरपंचों ने कहा कि मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के माध्यम से दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

गोधन न्याय योजना की सराहना की

इसी तरह दुलदुला विकासखंड के ग्राम कस्तूरा, विपंतपुर, वासुदेवपुर, केंदापनी, लोरो, जामपानी, कोरना आदि के सरपंचों ने सुराजी गांव योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना की सराहना की। सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से भूमिहीन मजदूर, महिला और युवा लाभान्वित हो रहे हैं। गौठान के माध्यम से महिलाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। महिलाएं अब आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में बढ़ रही है। महिलाओं की जीवन में खुशहाली आयी है। इसके अलावा सुराजी गांव योजना और गोधन न्याय योजना से लोगों को रोजगार मिल रहा है। छायाचित्र प्रर्दशनी के माध्यम से लोगों तक शासकीय योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीणों को इन योजनाओं से संबंधित सभी जानकारी विकास प्रर्दशनी के स्टाल में वितरित की जा रही जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तकों एवं पंपलेट के माध्यम से भी मिल रही है।

# जनता से जो वादा किया था उसे पूरा किया सरकार ने: मंत्री गुरू रूद्रकुमार

श्रीकंचनपथ न्यूज

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री खपरी एवं पहरा में आयोजित लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम में हुए शामिल

**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रूद्रकुमार आज दुर्ग जिले के ग्राम खपरी और पाहरा में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जनहित में अनेक घोषणाएं भी की। मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने कहा कि साढ़े 3 साल में सरकार ने जनता से जो वायदे किए थे, उन्हें पूरा किया है। किसानों से किए गए वादे पूरे किए गए हैं। उन्हें फसल का पूरा दाम मिल रहा है। आम जनता से सरकार ने बिजली बिल हाफ का वादा किया था, जिसे पूरा किया है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए संग्रहण राशि बढ़ा दी गई है।




मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने आगे कहा कि राज्य में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम संचालित किए जा रहे हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में उच्च गुणवत्ता की नि:शुल्क शिक्षा की सुविधा सुलभ हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई हैं। मैं लगातार आप सभी के बीच आता रहता हूं और आप लोगों से जो फीडबैक मिलते हैं आप लोग जनहित की जो बातें सामने रखते हैं उन पर क्रियान्वयन के निर्णय लिए जाते हैं। भविष्य में भी जनहित से जुड़े कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे।

मंत्री ने कहा कि अपने क्षेत्र में आम जनता से जो भी बुनियादी सुविधाएं संबंधित मांगे रखी जाती है, उन्हें पूरा करने की दिशा में कार्य किया जाता है। लोगों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना तथा आजीविकामूलक गतिविधियों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार आम जनता के बीच जा रही है। भेंट-मुलाकातों के माध्यम से लोगों की समस्या से रू-ब-रू हो रही है। जमीनी स्तर पर हुए कार्यों का भौतिक परीक्षण भी कर रही है। अब तक हुए अभियान से पता लगता है कि लोगों को विकास कार्यों का लाभ मिला है तथा इससे उनके आर्थिक स्तर में तेजी से सुधार हुआ है। प्रशासनिक स्तर पर अच्छा काम हो रहा है, जिसका लाभ आम जनता को मिल रहा है। इस मौके पर ग्राम खपरी के आश्रित ग्राम घटियाखुर्द में बाबा जी के मंदिर के जीर्णोद्धार कराए जाने के साथ ही यहां यात्री प्रतिक्षालय तथा मंगल भवन बनाने की घोषणा की। उन्होंने नल जल योजना के क्रियान्वयन के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में सीसी रोड निर्माण करने और ग्राम पाहरा में श्री राम-जानकी मंदिर के लिए 5 लाख रुपये देने, गौठान का समतलीकरण कराए जाने, शीतला मंदिर प्रागंण में रंग-मंच का निर्माण और पाहरा में सीसी रोड निर्माण कराये जाने की घोषणा की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

मैट्स यूनिवर्सिटी, हिन्दी विभाग के अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार में विषय विशेषज्ञों ने कहा

# विश्व शांति और सद्भावना में शिक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण



श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। विश्व में सद्भावना, शांति और सहयोग के विकास में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षा के माध्यम से ही हम विश्व बंधुत्व की भावना का विकास कर सकते हैं और विश्व में शांति की स्थापना कर सकते हैं। यह बातें मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर के हिन्दी विभाग द्वारा संचालित महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय विश्व शांति केंद्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना में शिक्षा का योगदान विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार में विषय विशेषज्ञों ने कहीं।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्पाइल दर्पण ओस्लो, नार्वे के संपादक, कवि व नाटककार सुरेश चंद्र शुक्ल 'शरद आलोक' ने वैश्विक सद्भावना के विकास में शिक्षा को महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने नार्वे में दी जाने वाली शिक्षा पद्धति की जानकारी देते हुए शिक्षा में संवाद की आवश्यकता को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि नार्वे में शिक्षा के माध्यम से बच्चों को विश्व के सभी धर्मों, संस्कृति, राजनीति आदि के बारे में बताया जाता है। उन्होंने नार्वे की अनेक घटनाओं का जिक्र करते हुए शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में ऑनलाइन उपस्थित भारत सरकार की संस्कृति मंत्रालय के हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. हरिसिंह पाल ने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो व्यक्ति के मन के अंधकार को दूर कर सके। व्यक्ति के अंतर्मन का अज्ञान दूर नहीं होता तो वह शिक्षा किसी काम की नहीं। विशिष्टि अतिथि आकाशवाणी के सेवानिवृत्त सहायक निदेशक अरुण कुमार पासवान ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही वैश्विक शांति और सद्भावना की स्थापना की जा सकती है। शिक्षा की सबसे बड़ी उपलब्धि है नैतिकता का विकास और ज्ञान का आदान-प्रदान। शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति के विचार सर्वे भवन्तु सुखीन: हो जाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्व हिन्दी साहित्य सेवा संस्थान, प्रयागराज के अध्यक्ष एवं लोकसेवा महाविद्यालय, महाराष्ट्र के पूर्व प्राचार्य डॉ. शहाबुद्दीन शेख ने कहा कि शिक्षा देश और समाज की रीढ़ है। शिक्षा से समझदारी आती है। भारत प्रचीन काल से ही शिक्षा के प्रति जागरुक रहा है।

आज विश्व के सम्मुख एक बहुत बड़ी चुनौती यह है कि आज का वैश्विक मानव साथ-साथ रहना नहीं चाहता। वैश्विक स्तर पर कई अरब लोग एक-दूसरे के पड़ोस में आ गये हैं परंतु दुर्भाग्य है कि वे पड़ोसी नहीं बन पाये हैं। इसलिए वैश्विक स्तर की समस्याओं के निराकरण के लिए शिक्षा और संस्कृति का समन्वय उपयोगी हो सकता है।

# बस्तर संभाग में हो रहा पेंशन प्रकरणों का तेजी से निराकरण

### पिछले 15 दिनों में हुआ 108 प्रकरणों का निराकरण

### 800 आहरण संवितरण अधिकारियों को पेंशन प्रकरणों का निराकरण के लिए दिया गया प्रशिक्षण




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बस्तर संभाग में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का अब तेजी से निराकरण होगा। वित्त विभाग अंतर्गत कोष लेखा एवं पेंशन द्वारा इसके लिए सभी विभागों को आहरण संवितरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

कोष लेखा एवं पेंशन द्वारा बस्तर संभाग को लगभग 800 आहरण संवितरण अधिकारियों (डीडीओ) को प्रशिक्षण दिया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा लम्बित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए हैं।

संभागीय कोष लेखा एवं पेन्शन बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक श्री धीरज नशीने द्वारा पखवाड़ा भर में संभाग के 7 ज़िलों में 10 पेन्शन प्रशिक्षण एवं निराकरण शिविर आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण शिविर में आहरण संवितरण अधिकारियों के अधीनस्थ कर्मचारियों को पेन्शन प्रकरण बनाते समय आ रही कठिनाइयों के बारे में प्रशिक्षित किया गया एवं डीडीओ द्वारा किए जा रहे त्रुटि की सम्भावना को कम किए जाने हेतु मार्गदर्शन दिया। शिविर में प्रशिक्षित कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा बताया गया कि उन्हें इस प्रशिक्षण से अत्यधिक लाभ हुआ एवं संभाग में ऐसा पहला मौक़ा है कि स्वयं संयुक्त संचालक हर ज़िला एवं तहसील स्तर पर भी जा कर डीडीओ से सीधे पेन्शन प्रकरण निराकरण किए जाने के सम्बंध में मार्गदर्शन दिया गया।

शासन की मंशा अनुरूप लम्बित पेन्शन प्रकरण का त्वरित निराकरण किए जाने हेतु हर प्रशिक्षण के तत्काल बाद शिविर का आयोजन किया गया था। इन शिविरों में आहरण संवितरण अधिकारियों के सहयोग के कारण कई दिनों से लम्बित पेंशन प्रकरण का निराकरण शिविर में ही किया गया। इनमे लंबित 247 प्रकरणों में से 108 पेंशन प्रकरणों का निराकरण किया गया। विगत 16 और 17 जून को कांकेर ज़िला में कोयलीबेडा ब्लॉक के 14 लम्बित पेन्शन प्रकरणों का शिविर में ही पेंशन आदेश जारी किया गया। शेष 6 प्रकरणों का निराकरण ज़िला मुख्यालय से किया गया। कांकेर जिले में कुल 20 पेंशन आदेश ऑनलाइन जारी किया गया एवं ज़िला प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा वितरण किया गया।

# पखवाड़े भर में संभाग में 10 पेंशन प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

जगदलपुर। लम्बित पेन्शन प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त निर्देश के पालन में संभागीय कोष लेखा एवं पेन्शन बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक धीरज नशीने द्वारा पिछले एक पखवाड़ा में संभाग के 7 ज़िलों में 10 पेन्शन प्रशिक्षण एवं निराकरण शिविर आयोजित किए गए।

नारायणपुर में 30 मई, केशकाल और कोंडागांव में 31 मई, सुकमा में 2 जून, जगदलपुर में 6 और 7 जून, दंतेवाड़ा में 9 जून, बीजापुर में 10 जून भानुप्रतापपुर में 16 जून और कांकेर में 17 जून को आयोजित शिविरों में संयुक्त संचालक एवं उनके अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से संभाग के लगभग 800 आहरण संवितरण अधिकारियों के अधीनस्थ कर्मचारियों को पेन्शन प्रकरण बनाते समय आ रही कठिनाइयों के संदर्भ में प्रशिक्षित किया गया एवं डीडीओ द्वारा किए जा रहे त्रुटि की सम्भावना को कम किए जाने हेतु मार्गदर्शन दिया ।

शिविर में प्रशिक्षित कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा बताया गया कि उन्हें इस प्रशिक्षण से अत्यधिक लाभ हुआ एवं संभाग में ऐसा पहला मौक़ा है कि स्वयं संयुक्त संचालक हर ज़िला एवं तहसील स्तर पर भी जा कर डीडीओ से सीधे पेन्शन प्रकरण निराकरण किए जाने के सम्बंध में मार्गदर्शन दिया गया । शासन की मंशा अनुरूप लम्बित पेन्शन प्रकरण का त्वरित निराकरण किए जाने हेतु हर प्रशिक्षण के तत्काल बाद शिविर का आयोजन किया गया था । उपरोक्त शिविर में आहरण संवितरण अधिकारियों के सहयोग के कारण कई दिनों से लम्बित पेन्शन प्रकरण का निराकरण शिविर में ही किया गया।

राजहंस राजस्थानी थाली
स्वाद घर का.....
पार्सल सुविधा
राजस्थानी पारंपरिक व्यंजनों की स्वाद का आनंद लें
घड़ी चौक के सामने, गौरी लॉज के नीचे, सुपेला, भिलाई
संतोष शर्मा : 9649604367 देवीलाल शर्मा : 9783391314 प्रतीक दवे : 9752525050

अरिहंत इंटेरियर्स
वॉलपेपर, वुडन फ्लोरिंग, पीवीसी फ्लोरिंग विंडोव ब्लाइंड्स, एक्रीलिक रेलिंग, आर्टिफिसियल ग्रास, पीवीसी पैनल, ग्लास फिल्म
शॉप नं.-23, नेहरू रोड, सुपेला, भिलाई, 9584400900

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing Printer Desktop
7/2, Dakshin Gangotri, Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
• Gym Servicing • Gym Equipment & Accessories Available • Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/- Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

SAIRAM Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### पुलिस ने आठ लुटेरों को चोरी की 20 बाइक के साथ किया गिरफ्तार

**महासमुंद (ए)।** टिटिलागढ़ शहर के आसपास इलाके से आए दिन लूटपाट और मोटरसाइकिल चोरी की खबर आती रहती थी। ऐसी शिकायतों से पुलिस भी परेशान थी और आखिरकार टिटिलागढ़ पुलिस ने शुक्रवार को 8 लुटेरों के एक गिरोह को पकड़ा और उनके कब्जे से चोरी की 20 मोटरसाइकिल भी बरामद की। इस संबंध में टिटिलागढ़ उपखंड के एसडीपीओ सुरेंद्र सतपथी ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर कार्रवाई के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 4 जून को केस क्रमांक 0166 के अनुसार एक ट्रक के ड्राइवर को बानझीजाल के कलकुट मंदिर के पास एक युवक रोड के बीच में मोटरसाइकिल खड़ा कर रोका और उससे ड्राइविंग लाइसेंस और चलान मांगते हुए गले पर चाकू लगाकर नगद 9 हजार, मोबाइल और उसके सोने का चेन खींच लिया। उसी समय ड्राइवर एसोसिएशन के एक सदस्य ने उसका विरोध किया पर लुटेरे मोबाइल व नगद लेकर फरार हो गया। इन सब घटनाक्रम को सदस्य ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया था। इसकी रिपोर्ट थाना में ड्राइवर ने दर्ज कराई। टिटिलागढ़ थाना अधिकारी रंजन कुमार बरीहा ने इसके के लिए एक विशेष टीम गठित कर छानबीन शुरू की।

### बाल गृह से भागे नाबालिग की हत्या के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर (ए)।** दुर्ग के बाल गृह से भागे नाबालिग की हत्या के मामले में फरार मुख्य आरोपित को सरकंडा पुलिस ने दुर्ग के पुलगांव बस्ती से गिरफ्तार किया है। शनिवार को पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश किया। वारदात में शामिल पांच आरोपितों को पहले ही पकड़ लिया गया था। सरकंडा थाना क्षेत्र के रहने वाला राहुल साहू उर्फ संडा दुर्ग के बाल गृह में बंद था। एक मई को राहुल अपने अपने साथियों के साथ बाल गृह से फरार हो गया था। इस दौरान राहुल ने अपने साथी धीरज महानंद को कहा कि चोरी की रकम 13 लाख रुपये देवनचाल सरकंडा मुक्तिधाम अरपा किनारे में छिपाकर रखी है। उस रुपये को आपस में बांटने और खर्च करने की बात कही। इसके बाद राहुल साहू को लेकर धीरज महानंद अपने पांच साथी राहुल सिंह कुशवाहा, मनीष नोन्हरे, शेख आसिफ, अभिमन्यु दास, सोनू लाड़वाल के साथ किराए की स्कार्पियो से बिलासपुर पहुंचा। मुक्तिधाम अरपा किनारे घूमकर 13 लाख रुपये ढूंढने लगे। रुपये नहीं मिलने पर उन्होंने राहुल की हत्या कर दी थी। इसके बाद लाश को अरपा नदी में फेंककर फरार हो गए थे। सरकंडा पुलिस ने अपराध दर्ज वारदात में शामिल पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं मुख्य आरोपित धीरज महानंद फरार चल रहा था। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपित धीरज दुर्ग के पुलगांव बस्ती में छिपा है। पुलिस की टीम ने दबिश देकर आरोपित धीरज को गिरफ्तार किया और बिलासपुर ले आई। उसे रिमांड पर भेज दिया गया है।

# इंस्टेंट पॉकेट मनी एप और गोल्ड लोन में निवेश के नाम पर 40 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** छात्रों को शार्ट टर्म लोन दिलाने के लिए आइपीएम (इंस्टेंट पॉकेट मनी) एप और गोल्ड लोन में डूबे हुए सोने को खरीदने के नाम पर निवेश करवाकर एक व्यक्ति से 40 लाख रुपये की ठगी करने वाले एक गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरोह में शामिल कुल चार सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। वहीं एक आरोपित अभी भी फरार है। जिसकी पुलिस तलाश की जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपितों के खिलाफधोखाधड़ी की धारा के तहत कार्रवाई की है।



पत्रकार वार्ता में एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव और एएसपी संजय ध्रुव ने बताया कि सेक्टर-1 निवासी शिकायतकर्ता जयप्रकाश चौहान ने 14 अप्रैल को भट्ठी थाना में आरोपित शेखर पसीने, पंकज वर्मा, मुस्कान गुप्ता, अदनान शेख और सारिक खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोपितों ने उससे आइपीएम (इंस्टेंट पॉकेट मनी) नाम के एप के माध्यम से छात्रों को लोन उपलब्ध कराने के लिए पैसा निवेश करने पर ज्यादा लाभांश देने और बैंकों में गोल्ड लोन के नाम पर गिरवी रखे सोने को खरीदकर बाहर मार्केट में अच्छे दामों में बेचकर लाभ अर्जित करने का झांसा देकर कुल 40 लाख 58 हजार रुपये की ठगी की थी।

आरोपितों ने 21 दिसंबर 2019 से लेकर 20 जून 2021 के बीच अलग-अलग किस्तों में शिकायतकर्ता से रुपये लिए थे। एफआईआर दर्ज होने के बाद से सभी आरोपित फरार थे। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने उनका लोकेशन निकालना शुरू किया तो पता चला कि आरोपित शेखर पसीने बिलासपुर में है और अन्य आरोपित रायपुर में छिपे हुए हैं। इसके बाद पुलिस ने शेखर पसीने को बिलासपुर से गिरफ्तार किया और बाकि के तीन आरोपित पंकज वर्मा, मुस्कान गुप्ता और अदनान शेख रायपुर से पकड़े गए। आरोपित सारिक खान फरार हो गया। गिरफ्तार किए गए आरोपितों ने शिकायतकर्ता से ठगी करने की बात स्वीकार की। ठगी के रुपयों को आरोपितों ने कहां इस्तेमाल किया है, इसकी जांच की जा रही है। गिरफ्तार किए आरोपितों में शेखर पसीने (33) डहेलिया तालपुरी भिलाई का निवासी है। वहीं पंकज वर्मा (29) और उसकी पत्नी मुस्कान गुप्ता, गली नंबर-एक जवाहर नगर, काफी हाउस के पास सतना मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं। चौथा आरोपित अदनान शेख (32) संजय नगर आरडीए रायपुर का निवासी है।

# तेलीबांधा में गैस की अवैध रिफिलिंग करते दो पकड़ाए



**रायपुर (ए)।** दो माह पूर्व कबीर नगर में गैस की अवैध रिफिलिंग करते समय हुए विस्फोट के बाद न तो पुलिस ने, न ही खाद्य विभाग ने और न ही गैस कंपनियों ने अवैध रिफिलिंग को लेकर कोई अभियान नहीं चलाया यही कारण है कि यह अवैध कारोबार धड़ल्ले से चलता रहा। इसी बीच शुक्रवार को पुलिस ने लाभाण्डी स्थित एक मकान में दो लोगों को गैस की अवैध रिफिलिंग करते हुए पकड़ा है। बताया गया कि ये भरे सिलेंडर से गैस को छोटे-छोटे सिलेंडर में ट्रांसफर कर अधिक मूल्य पर बेचा करते थे। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की है।

तेलीबांधा थाना प्रभारी भावेश गौतम ने बताया कि मकान में जाकर रेड डाली गई। कार्रवाई के दौरान मकान में संदीप जैन एवं विकास शर्मा नामक दो व्यक्ति उपस्थित थे। टीम के सदस्यों द्वारा मकान की तलाशी लेने पर दोनों के द्वारा अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डर से कमर्शियल सिलेण्डर में गैस रिफिलिंग करना पाया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे घरेलू गैस के डेढ़ सिलेण्डर से गैस निकाल कर एक कमर्शियल सिलेण्डर में गैस रिफिलिंग करते है। इस काम में इन्हें 600-700 रूपये का फायदा होता है।

आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 72 नग गैस सिलेण्डर, दो नग वैल्यूम मशीन, बिजली बोर्ड, वायर, पाना, पेचकस एवं अन्य उपकरण कीमती 1,31,100 रुपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में आवश्यक वस्तु अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। कार्रवाई में उप निरीक्षक राम स्वरूप देवांगन, सउनि अतुलेश राय, आर दानेश्वर वर्मा, कमलेश सिंह, श्रीचंद दीप एवं विपुल सिंह थाना तेलीबांधा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बता दें कि दो माह पूर्व कबीर नगर के एक निजी मकान में गैस की अवैध रिफलिंग करने के दौरान विस्फोट हुआ था। इस घटना के बाद ये मांग उठी कि अवैध रिफलिंग के विरुद्ध अभियान चलाया जाए पर समय बीतने के साथ सब कुछ पहले की ही तरह हो गया।

# सामाजिक भवन से बिल्डिंग मटेरियल की चोरी, 4 गिरफ्तार

**बेरला (ए)।** बेरला पुलिस ने रामपुर भांड के एक सामाजिक भवन में चल रहे निर्माण कार्य के लिए रखे बिल्डिंग मटेरियल की चोरी के मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो नाबालिग बताए जा रहे हैं। 15 जून को प्रार्थी मेघराज पिता परदेशी (62), रामपुर भांड, थाना बेरला ने थाने में जानकारी दी कि ग्राम रामपुर भांड में नए सामाजिक भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसके लिए निर्माण सामग्री के रूप में 20 सीमेंट बोरी, 70 टाइल्स पैकेट, एक नग लोहे का दरवाजा, एक कटर मशीन, एक नग लोहे का वेल्डिंग मशीन रखा हुआ था।



11 जून को सुबह 9 बजे ठेकेदार राकेश यादव ने आकर देखा तो पुराना परमेश्वरी भवन का दरवाजा खुला हुआ था। मौके पर जाकर देखा, तो सामाजिक भवन के अंदर रखा हुआ मकान निर्माण सामग्री, जिसमें 5700 रुपए का 19 सीमेंट बोरी, 25000 रुपए का 50 पैकेट टाइल्स, 4500 रुपए का एक नग लोहे का दरवाजा, 10500 रुपए का एक कटर मशीन समेत 7500 रुपए की लोहे का वेल्डिंग मशीन नहीं था।

### सिटकनी खोलकर अंदर घुसे थे चोर

अज्ञात आरोपी ने इसे 10 जून की रात परमेश्वरी सामाजिक भवन के दरवाजा का सिटकनी खोलकर चोरी कर ले गया। इस रिर्पोट पर थाना बेरला में धारा 457, 380, 34 भादवि कायम कर जांच में लिया गया। इस घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। इस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेंद्र सिंह ने छानबीन के निर्देश दिए। इस पर एएसपी पंकज पटेल, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल ने थाना बेरला प्रभारी उप निरीक्षक नासिर खान को जांच के निर्देश जारी किए।

### आरोपियों ने पूछताछ में कबूला अपना जुर्म

मामले में जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर सोढ़ निवासी आरोपी खेलू सतनामी (26), राजेश टंडन (20) व 2 विधि के साथ संघर्षरत बालक से पूछताछ की गई। इस पर चारों ने मिलकर चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपियों से चोरी गए 19 सीमेंट बोरी, 50 टाइल्स पैकेट, एक नग लोहे का दरवाजा, लोहे का एक कटर मशीन, एक नग वेल्डिंग मशीन, घटना में इस्तेमाल वाहन सीजी 25 एल 0520 को जब्त किया गया। पुलिस ने 2 आरोपियों को कोर्ट में व दो आरोपियों को किशोर बोर्ड न्यायालय में प्रस्तुत किया।

# 29 मवेशियों को कत्लखाना ले जाते एक आरोपी गिरफ्तार, 2 भाग निकले

**बेमेतरा (ए)।** बेमेतरा व नवागढ़ पुलिस ने 29 मवेशियों को कत्लखाना ले जाते एक 6 चक्का वाहन को पकड़ा है। पुलिस ने एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। 16 जून की दरम्यानी रात पुलिस को सूचना मिली कि 6 चक्का वाहन सीजी 10 सी 6248 में मवेशी को कत्लखाना नागपुर ले जाया जा रहा है। मवेशियों को संबलपुर, नवागढ़, बेमेतरा के रास्ते होते हुए नागपुर की ओर परिवहन करने की इस सूचना पर पुलिस ने स्टापर लगाकर जांच शुरू की। उक्त गाड़ी के चालक को रोकने पर वह गाड़ी भगाने लगा। मवेशी तस्करी की सूचना से नियंत्रण कक्ष बेमेतरा को जानकारी देते हुए पुलिस ने प्वाइंट लगाया। भाग रहे वाहन को नवागढ़-बेमेतरा मेन रोड झालम मोड़ के पास रुकवाया गया। इसके बाद वाहन में बैठे 3 व्यक्ति वाहन रोककर नीचे उतरे व भागने लगे। उनमें से एक को घेराबंदी कर पकड़ा गया वहीं दो व्यक्ति फरार हो गए।

### पकड़ा गया आरोपी बैतलपुर मुंगेली का

पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम पिलास मसीह उर्फ गोल्डी उर्फ बोल्टी पिता प्रदीप मसीह (30), वार्ड नं. 17, बैतलपुर, थाना सरगांव, जिला मुंगेली बताया। पिलास ने बताया कि उनके फरार साथियों के साथ वे गाड़ी में 29 नग मवेशी भरकर बैतलपुर लाए व उन्हें वे तीनों नागपुर कत्लखाना ले जा रहे थे। इनके सामने से एक साथी अन्य वाहन से रास्ता बताते हुए जा रहा था व अपने मोबाइल के जरिये लगातार संपर्क में था।

### 6 चक्का गाड़ी, 2 मोबाइल भी जब्त

6 चक्का वाहन में बिना चारा, पानी की व्यवस्था किए क्रूरता पूर्वक भरे 29 नग मवेशी व 2 की पैड मोबाइल को पुलिस ने जब्त किया है। मवेशियों की कुल कीमत लगभग 1 लाख बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में धारा 6, 10 छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004, 11 पशु क्रूरता अधि. 1960, 120 बी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। 6 चक्का गाड़ी को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।

# नाबालिगों ने बनाई गैंग, सड़क से निकलने वालों को लूटते थे, चार गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** लूट की घटना करने वाले चार नाबालिगों को गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपित गैंग बनाकर अलग-अलग क्षेत्र में राहगीरों से मोबाइल, पर्स सहित अन्य सामान लूटा करते थे। इनके पास से उरला थाना पुलिस ने लूटा गया मोबाइल फोन और अन्य सामग्री बरामद हुई है।

उरला थाने में मोहम्मद अख्तर ने 24 मई को रिपोर्ट दर्ज करवाई। रात करीबन साढ़े नौ बजे वह बिरगांव से सरोरा की ओर जा रहे थे। रायपुर इस्पात फैक्ट्री उरला के करीब अपनी मोटरसाइकिल में बंधे पंखे को ठीक करने के लिए रुकने के समय चार लड़के उन्हें घेर लिए व हाथ-पैर पकड़कर की तलाशी लेने लगे। अख्तर ने विरोध किया तो ये बदमाश उसके साथ मारपीट करने लगे। उसके बाद प्रार्थी की जेब से मोबाइल निकालकर भाग गए। प्रार्थी ने लोगों की सहायता से बदमाशों का पीछा भी किया पर वे भागने में सफल रहे।

रिपोर्ट के बाद प्रार्थी के बताए हुलिए और अन्य जानकारी के आधार पर पुलिस ने कुछ संदिध लड़कों से पूछताछ की। पहले तो वे नकारते रहे, अंतत: घटना करना स्वीकार किया। पुलिस ने उनसे लूटा गया मोबाइल बरामद किया। आसपास के इलाकों में पता किया गया तो पता चला कि ये लड़के अक्सर गैंग बनाकर आते थे और अवसर देखकर राह चलने वाले लोगों से लूटपाट करते थे।

### नाबालिगों ने बढ़ाई पुलिस की चिंता


हाल ही में छोटे अपराध से लेकर हत्या तक में नाबालिगों की संलिप्तता मिलने से पुलिस परेशान है। खेलने और भविष्य निर्माण की दिशा में काम करने की आयु में ये नाबालिग अपराध कर रहे हैं, पुलिस इसका कारण ढूंढ रही है। अधिकारियों का मानना है कि घरेलू एवं आसपास के वातावरण के साथ संगति इंटरनेट मीडिया पर प्रचारित अपराधों से ये प्रेरित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त नशे की सामाग्रियों के सेवन से ये अपराध की ओर अग्रसर हो रहे हैं। पुलिस का मानना है कि दिशाहीन होते जा रहे बालकों को परिवार के साथ समाज ही दिशा दे सकते हैं।

# जीजा ने किया साली का रेप: घर वालों से लड़की बोली- जीजा ने मेरे साथ गलत किया, पुलिस ने लिया हिरासत में

**रायपुर (ए)।** रायपुर पुलिस ने 32 साल के एक शख्स को हिरासत में लिया है। इस बदमाश ने अपनी साली का रेप कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद ये युवती को डराते धमकाते रहा। कुछ दिन युवती चुप रही। इसके बाद 22 साल की लड़की ने घर वालों से कहा- जीजा ने मेरे साथ गलत किया। अब उसने पुलिस से शिकायत की है विधानसभा थाने की पुलिस आरोपी को कस्टडी में लेकर पूछताछ कर रही है।

मामला रायपुर के पचेड़ा इलाके का है। 32 साल का युवक इस इलाके में रहता है। तुमगांव में रहने वाली इसकी साली पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने इसके घर आई हुई थी। मौका पाकर उसने अपनी साली को ब्लैकमेल किया। उसने कहा कि उसे युवती के लव अफेयर की बात पता है। दरअसल युवती किसी युवक से प्यार करती थी। जीजा ने कहा कि ये बात उजागर कर देगा।

युवती ने पुलिस को बताया कि इस बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। जीजा ने बदनाम करने की धमकी देकर



युवती के साथ उसका बलात्कार किया। इसके बाद अपने साथ वह लड़की को मंदिर हसौद इलाके में लेकर गया। वहां भी एक मकान में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की । जैसे तैसे वहां से लड़की भागकर अपने घर आ गई परिजनों को घटना की जानकारी दी और मामला पुलिस के पास पहुंचा। युवक ने पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल लिया है।

### होने वाली थी शादी

इस घटना की शिकार हुई 22 साल की युवती की घर वाले शादी करने की तैयारी में थे। अब इस घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस आरोपी और लड़की के घरवालों से भी पूछताछ करेगी। आरोपी की पत्नी और रेप का शिकार हुई युवती आपस में सगी बहनें हैं। आरोपी की पत्नी भी इस कांड के बाद सदमे मे है। हालांकि युवती और आरोपी के परिजनों ने इस वारदात के प्रति पुलिस से गुस्सा जाहिर करते हुए कहा है कि यदि आरोपी की गलती है तो पुलिस निष्पक्ष जांच करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई जरूर करें।

Authorised For:
SOMANY Wall & Floor Tiles
JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
orientbell tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006 Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### नशा मुक्त वातावरण निर्मित करने के लिए जिले में होंगे प्रेरक आयोजन

**दुर्ग।** समाज-समुदाय में व्यसन मुक्त व स्वस्थ वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से जिले में नशापान के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया जाएगा। जनसमुदाय की सहभागिता से नशापान के विरूद्ध व्यापक जनमत तैयार करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर 26 जून को जिले के सभी विकासखंडों में विविध जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले के समस्त विभागों के समन्वय से नशापान के विरूद्ध समुचित कार्यवाही, जन सामान्य की सहभागिता से रैली, प्रदर्शनी, प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, परिचर्चा, गोष्ठियां, सेमीनार कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस की सार्थकता के लिए कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने विभिन्न विभागों को संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा इस संबंध में ज्ञापन भी जारी किया गया है जिसमें नशे की रोकथाम के लिए समुदाय में जागरूकता लाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत स्तर पर भी नशा मुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें रेडियो एवं दूरदर्शन से नशा मुक्ति कार्यक्रमों का प्रसारण, सभी विभागों के समन्वय से नशापान के विरूद्ध समुचित कार्यवाही,लाने के लिए प्रेरक गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

सेक्टर 2 तालाब और भी होगा आकर्षक

# विधायक देवेंद्र यादव और महापौर नीरज पाल ने लिया जायजा

### खुर्सीपार के इनडोर स्टेडियम की सुविधा मिलेगी जल्द

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने आज सेक्टर 2 तालाब एवं खुर्सीपार में निर्माणाधीन इंडोर स्टेडियम का जायजा लिया। इंडोर स्टेडियम के निर्माण को गुणवत्ता पूर्वक करते हुए शीघ्र अति शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए है। इंदौर स्टेडियम के निर्माण से खिलाड़ियों को चाहे गर्मी हो या बारिश हो दिन हो या रात उन्हें अपने खेल अभ्यास को निखारने का मौका मिलेगा और एक बेहतर प्लेटफार्म खिलाड़ियों को मिलेगा।



भिलाई में ज्यादातर खेल मैदान खुले स्थानों पर निर्मित है, बारिश के दिनों में खेल अभ्यास करने में दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता है।

इसीलिए विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने इंडोर स्टेडियम बनाने की परिकल्पना की, जहां सर्व सुविधा युक्त खेल भवन खिलाड़ियों को मिल पाएगा और नियमित रूप से खिलाड़ी खेल अभ्यास कर पाएंगे।

निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एवं एमआईसी सदस्य एकांश बंछोर, एमआईसी सदस्य मीरा बंजारे एवं जोन आयुक्त येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता टी के रणदिवे, सहायक अभियंता अनिल सिंह एवं उप अभियंता अर्पित बंजारे, प्रिया खैरवार सहित अन्य मौजूद रहे।

### सेक्टर 2 तालाब का होगा कायाकल्प,विधायक और महापौर ने देखी ड्राइंग डिजाइन

सेक्टर 2 तालाब में सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। विधायक देवेंद्र यादव और महापौर नीरज पाल की मंशा अनुरूप सेक्टर 2 तालाब का सौंदर्यीकरण करने का कार्य किया गया है। विधायक और महापौर ने आज तालाब पहुंचकर होने वाले विकास कार्यो के लिए ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन कर कार्ययोजना को मूर्त रूप देने के निर्देश दिए। सेक्टर 2 तालाब में छठ पर्व पर भक्तों का ताता लगता है, आस्था के इस पर्व में जन सैलाब उमड़ पड़ता है। इस तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य किए जाने की आवश्यकता को देखते हुए महापौर परिषद ने इसकी स्वीकृति प्रदान की है। सौंदर्यीकरण के तहत हाई मास्क लाइट, पेवर ब्लॉक, कुंड निर्माण, प्लांटेशन, बोरिंग एवं ब्यूटीफिकेशन के कार्य सहित अन्य काम किए जाएंगे।

## तिलक कन्या माध्यमिक शाला के सभी बच्चे नए गणवेश और स्कूल बैग के साथ भारी उत्साहित दिखे




श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** गर्मी की लंबी छुट्टियों के बाद छत्तीसगढ़ में गुरुवार को स्कूल खुल गए हैं। दोपहर बाद मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल प्रदेश स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आगाज किया। प्रवेश उत्सव का आयोजन मुख्यमंत्री के निर्देश पर किया गया।

इस आयोजन का जिलों के मुख्य स्कूलों में सीधा प्रसारण भी किया गया।शिक्षा के नए सत्र को शाला प्रवेशोत्सव मनाते हुए स्कूलों में आज से पढ़ाई का अगाज हो गया है। इसी को लेकर आज शासकीय तिलक कन्या माध्यमिक शाला दुर्ग में प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। इस अवसर पर शाला के कई बच्चे नए गणवेश और स्कूल बैग के साथ भारी उत्साहित दिखे। प्रवेशोत्सव के अवसर पर बच्चों को पार्षद व शिक्षा विभाग व खेलकुद प्रभारी मनदीप सिंह भाटिया,प्राचार्या श्रीमती असीमा चटर्जी एवं शाला स्टॉप ने नवप्रवेशित बच्चों को मिठाई, गुलाल, पुस्तक एवं गणवेश वितरण कर, साथ ही 9 वीं से 12 वीं तक कक्षा में प्रथम आए छात्राएं कु.भूमिका जायसवाल पिता अरविन्द जायसवाल 89.837, 10 वीं कु. साक्षी सिन्हा पिता प्रेमलाल सिन्हा 88.08 प्रतिशत कु. श्रुति राजपूत राजपूत पिता दिनेश सिंह राजपूत 82.047 मानसी यादव पिता संतोषकुमार यादव 88त्न, कुक मानसी यादव पिता संतोष कुमार यादव 88त्न इन प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान और स्वागत भी किया गया।

## मुख्य बाजार क्षेत्र चंडी मंदिर चौक में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने हटाए गए कब्जे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत शहर के मुख्य मार्ग मुख्य बाजार पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने निगम प्रशासन द्वारा लगातार अवैध कब्जा अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालो पर शनिवार को चंडी मंदिर चौक एवं बाजार क्षेत्रो हटरी बाजार में सड़क किनारे काबिज अतिक्रमणकारियों को हटाने की कार्रवाई की गई।

साथ साथ उन्हें व्यवस्थित करने की भी कार्यवाही की गई इस दौरान कई कब्जाधारियों द्वारा स्वयं ही अपना कब्जा हटवा लिया गया।सड़क किनारे लोग चाय ठेला,पान ठेला,सब्जी पसरा,खोमचा आदि लगाकर कारोबार कर रहे हैं। इसकी वजह से आवागमन में लोगो को दिक्कत हो रही है साथ ही साथ




यातायात भी बाधित हो रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निगम आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण तोडू दस्ता ने उक्त स्थान पर काबिज अतिक्रणकारियों कब्जेधारिओ को हटाया और कई लोगो को व्यवस्थित किया गया और दोबारा अतिक्रमण किए जाने पर सामान जब्ती कार्रवाही की चेतावनी दी गई।

## एसीडब्ल्यूई विभाग में विभागीय सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एसीडब्ल्यूई विभाग में विभागीय सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभाग में कार्यरत समस्त अधिकारियों, नियमित कार्मिकों एवं ठेका कर्मिकों ने पूरे उत्साह व भारी संख्या में हिस्सा लिया।

जिससे संयंत्र प्रबंधन द्वारा शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए एसीडब्ल्यूई विभाग के विभागीय सुरक्षा अधिकारी एस पी निगम के प्रयास से 13 से 18 जून, 2022 तक छः दिवसीय सुरक्षा जागरूकता एवं प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस में उद्घाटन सत्र पर मुख्य अतिथि के




रूप में मुख्य महाप्रबंधक (युटिलिटीज) जी ए सोरते, विभागाध्यक्ष (एसीडब्ल्यूई), सुरेश प्रधान, उप महाप्रबंधक (एसीडब्ल्यूई), एन टी एंटोनी, वरिष्ठ प्रबंधक (सेफ्टी) सोवन घोष, डीएसओ एवं वरिष्ठ प्रबंधक (एसीडब्ल्यूई), एस पी निगम एवं सहायक प्रबंधक (एसीडब्ल्यूई), अरुण शेंडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विशेष सुरक्षा विषयों जैसे व्यवहार आधारित सुरक्षा (बीबीएस), गैस सेफ्टी, इलेक्ट्रिकल सेफ्टी, सीमाबद्ध कार्यस्थल सुरक्षा (कंफैंड स्पेस), हाईट सेफ्टी एवं मटेरियल हेंडलिंग के दौरान सुरक्षा आदि पर प्रशिक्षित कर जागरूक किया गया। सुरक्षा विषयों पर प्रशिक्षण चित्रात्मक तरीके से पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बहुत ही सरल एवं व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत किया गया। द्वितीय सत्र में फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा फायर फायटिंग डिमोंसत्रेशन कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न अग्निशमन यन्त्रों की जानकारी एव उनके उपयोग करने की विधि विस्तारपूर्वक बतायी गयी।

दूसरे दिन के प्रथम सत्र में मेसर्स वोल्टास लिमिटेड के डीएसओ श्री पियूष सिंह द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न सुरक्षा संबंधित विषयों पर प्रषिक्षण देते हुए उपस्थित सभी ठेका श्रर्मिकों के लिए रोचक सेफ्टी क्विज का आयोजन किया, जिसमें विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा आकर्षक पुरस्कार और प्रमाणपत्र भेट कर सम्मानित किया गया।

## इंतजार की घड़ियां हुई खत्म, किरायेदारों के लिए आवेदन कल से होगा प्रारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना सबके लिए आवास मिशन (शहरी) के स्लम / गैर स्लम में किराये के आवास गृह में निवासरत पात्र हितग्राहियों के लिए मोर मकान मोर आस योजना अंतर्गत आवेदन पत्र जारी किया जा रहा है।आवेदन पत्र मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय उरला मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय, बोरसी, मुख्यमंत्री वार्ड से कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि दिनांक 20 जून 2022 से लेकर 15 जुलाई 2022 तक तय की गई है।आवेदन पत्र का शुल्क 100 रू. निर्धारित




किया गया हैं।आवेदन पत्र लेने हेतु आवेदन कर्ता अपना आधारकार्ड एवं मोबाईल नंबर साथ अवश्य लाये।

निर्माणाधीन 1226 आवासों में प्रोजेक्ट के लागत राशि में वृद्धि होने पर प्रति आवास हितग्राही अंशदान की राशि में भी वृद्धि की जावेगी, जिसको सभी हितग्राहियों से समान रूप से आधिपत्य से पूर्व जमा कराना अनिवार्य होगा।संपूर्ण रूप से भरे गये आवेदन पत्र दिनांक 18.07.2022 से 29.07.2022 तक प्रातः 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय उरला, बोरसी, आदित्य नगर तथा गौरव पथ स्थित, नगर पालिक निगम दुर्ग के मुख्य कार्यालय में जमा किया जा सकता है। आवेदन के उपरांत पात्र / अपात्र आवेदकों की सूची कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित किया जायेगा तथा समाचार पत्रों एवं मुनादी के माध्यम से लॉटरी की कार्यवाही समय-समय पर प्रकाशित की जायेगी।महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा आवास योजना का लाभ लोगो को मिले हितग्राही मकान के लिए स्थलों में पहुँचकर अपना आवेदन कर सकते है,आयुक्त हरेश मंडावी ने कहा कि आवास योजना के कार्य को प्राथमिकता से आधार पर करें।

## राहुल को बचाने के अभियान में भिलाई इस्पात संयंत्र का भी योगदान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के पिरहिद ग्राम में पिछले शुक्रवार, दिनांक 10 जून, 2022 को शाम 4 बजे बोरवेल में एक बच्चे राहुल के गिर जाने की घटना हुई थी। बच्चे को 102 घंटे की कड़ी मषक्कत के बाद मंगलवार 14 जून, 2022 को रात 12 बजे सुरक्षित निकाल लिया गया। 104 घंटे चले देष के सबसे बड़ा रेस्क्यू ऑपरेषन में भिलाई इस्पात संयंत्र के माइनिंग विषेषज्ञों ने खुदाई और बचाव के कार्य में अपने परामर्ष और अनुभव प्रषासन को उपलब्ध कराकर इस अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया।

संयंत्र के माइनिंग अभियंताओं ने जिला प्रषासन और इस अभियान के लीडर को समय-समय पर खुदाई से संबंधित तकनीकी जानकारी और आवष्यक संसाधन स्टील स्ट्रक्चर और एक्सपांषन केमिकल मोर्टार की उपलब्धता सुनिष्चित करवाई और पूरे अभियान के दौरान



निरन्तर मौजूद रहे।

जांजगीर जिला प्रषासन ने भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र ने रेस्क्यू में सहयोग देकर हमेषा की तरह सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाह किया है। देष में जब भी प्राकृतिक आपदा या विपत्ति आई है तब सेल और भिलाई इस्पात संयंत्र ने शासन के साथ मिलकर पूरा सहयोग दिया है। भूकम्प हो या बाढ़ या फिर तूफान से होने वाली तबाही में भी सेल प्रबंधन ने हमेषा योगदान दिया है। देष में इस प्रकार के दुर्घटना पष्चात चला यह सबसे लंबा रेस्क्यू ऑपरेषन था। इस विषेष रेस्क्यू अभियान को एनडीआरएफ, एसडीआरएफ तथा इंडियन आर्मी ने युद्ध स्तर पर चलाकर सफलतापूर्वक राहुल की जान बचाई। यह एक बहुत लंबा व अनोखा अभियान था जिसमें क्षण-क्षण में नई चुनौतियां आती जा रही थी।

लगभग 65 फीट नीचे फंसे बच्चे तक पहुंचने के लिए रात-दिन खुदाई के बाद एक टनल के जरिये पहुंचना था। इसके लिए जिला प्रषासन द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन को संपर्क किया गया। संयंत्र प्रबंधन द्वारा परिस्थितियों का अंदाज लगाते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए हिर्री माइन्स से माइनिंग विषेषज्ञों की दो टीमों और आवष्यक संसाधन के साथ तत्काल रवाना किया।

इन टीमों में उप महाप्रबंधक (खदान) सोमनाथ सिंह, सहायक महाप्रबंधक (माइनिंग) प्रदीप कुमार, सहायक महाप्रबंधक (माइनिंग) मिलिंद सहारे, वरिष्ठ प्रबंधक (मैकेनिकल) सोनाभ पांडे, प्रबंधक (मैकेनिकल) लोकेष कुमार तथा प्रबंधक (मैकेनिकल) के राजू शामिल थे। इन टीमों ने रेस्क्यू ऑपरेषन में जरूरत के अनुसार स्ट्रक्चर स्टील तथा एक्पांषन केमिकल मोर्टार की उपलब्धता सुनिष्चित किया तथा पूरे 36 घंटे तक रेस्क्यू में शामिल होकर अभियान को सफल करने में अपना योगदान दिया।

इस रेस्क्यू ऑपरेषन में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ तथा इंडियन आर्मी के साथ-साथ पुलिस प्रषासन, भिलाई इस्पात संयंत्र, एसईसीएल, बाल्को और अन्य संस्थानों के सदस्य सहयोग कर रहे थे। इसके साथ ही कई निजी कंपनियों और व्यक्तियों द्वारा भी पूरे अभियान को सहयोग किया गया।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950